www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 14 जुलाई 2022, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-139 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

कल के लिए सबसे अच्छी तैयारी यही है कि आज अच्छा करो।

आज बेबाक

आज कल यह एक नया गाना गली गली में गूंज रहा है- मच गया शोर सारी नगरी रे... आया दहाड़ता शेर संभाल तेरी बकरी रे...। अरे भई शेर है तो उसे शेर जैसा दिखना भी चाहिए। शेर शांति का नहीं शौर्य का प्रतीक है। शांति के दूत तो कबूतर होते है। जो राष्ट्रीय पर्व के दौरान आसमान में उड़ाए जाते है। शेर अगर आक्रामक नहीं दिखेगा तो उसे शेर कौन कहेगा? मुंह लटकाएं शेर को तो लोग भीगी बिल्ली ही समझेंगे। बकौल एक शायर- नामुमकिन को मुमकिन बना दे इतने दिलेर है हम दुनिया को झुकाना आता है क्योंकि शेर है हम।

सूर्योदय

उदय : 5:53 प्रात:

अस्त : 7:11 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,960,311,780

भारत: 1,408,073,890

बाजार

सेंसेक्स : 53514.15

निफ्टी: 15966.70

गोल्ड : 50,950 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 56,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.86 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	32.1	25.2
बिलासपुर	31.8	26.2
जगदलपुर	24.0	24.8
अंबिकापुर	31.0	21.5

आज का दिवस

राष्ट्रीय फ्रांसीसी दिवस : फ्रांसीसी सरकार ने 14 जुलाई को राष्ट्रीय दिवस के रूप में चिह्नित किया। इस दिन को बैस्टिल दिवस के रूप में भी जाना जाता है। फ्रांस की क्रांति 1789 ई. में लुई सोलहवाँ के शासन काल मे हुई। 14 जुलाई 1789 को क्रांतिकारियों ने बास्तील के कारागृह फाटक को तोड़कर बंदियों को मुक्त कर दिया तब से 14 जुलाई को फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह 14 जुलाई 1789 को पेरिस में हुई बैस्टिल जेल के तूफान की 230 वीं वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। फ्रांस और संबद्ध देशों से सशस्त्र बल मार्च, ड्राइव, सवारी और केंद्रीय चैम्प्स एलिसी पर उड़ान भरेंगे।

आक्रोश की आग में जली लंका

अब प्रधानमंत्री रनिल विक्रमसिंघे के घर पर भी कब्जा

■ लाइव टेलीकास्ट बंद; 20 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव

कोलंबो (ए.)। श्रीलंका में हिंसक प्रदर्शन जारी हैं। राष्ट्रपति के बाद अब पीएम आवास पर भी प्रदर्शनकारियों ने कब्जा कर लिया है। देश में जारी बवाल के बीच राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे भी बुधवार को इस्तीफा देने जा रहे हैं। स्पीकर ने जानकारी दी है कि देश में अगले राष्ट्रपति का चुनाव 20 जुलाई को होगा। वहीं, सियासी और आर्थिक संकट का सबसे ज्यादा असर चिकित्सा व्यवस्था पर पड़ता नजर आ रहा है। नौबत यहां तक आ गई है कि डॉक्टर मरीजों को बीमार नहीं होने की सलाह दे रहे हैं। देश में जरूरी दवाओं और अन्य आपूर्ति खासी प्रभावित हुई है।

फिलहाल, देश की कमान कार्यवाहक राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे के हाथ में है। उन्होंने देश में आपातकाल का ऐलान कर दिया है। पश्चिम श्रीलंका में कर्फ्यू लगाया गया है। हंगामे के बीच देश के सरकारी चैनल SLRC ने भी लाइव टेलीकास्ट बंद कर दिया है।

श्रीलंका ईंधन और भोजन जैसी बुनियादी चीजों के भुगतान के लिए भी पैसों की कमी से जूझ रहा है। इसी बीच दवाओं की कमी की भी खबरें हैं। कुछ डॉक्टर और डोनेशन और फंड जुटाने के लिए सोशल मीडिया का रुख कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने देश से बाहर रह रहे श्रीलंका के लोगों से मदद की गुहार लगाई है।

15 साल की हासिनी वासन 9 महीने पहले किडनी ट्रांसप्लांट से गुजरी हैं, लेकिन आशंकाएं हैं कि उन्हें जरूरी दवाएं ही न मिल पाएं। उनका परिवार अब दान करने वालों पर निर्भर है, क्योंकि अस्पताल अब हासिनी को मुफ्त दवा मुहैया नहीं करा सकता। हासिनी की बड़ी बहन इशारा थिलिनी कहती हैं, 'हमें बताया गया है कि उन्हें नहीं पता कि अब ये दवा दोबारा कम मिलेगी।'

कैंसर अस्पताल भी जरूरी दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। श्रीलंका मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर समत धर्मरत्ने ने कहा, 'बीमार मत हो, घायल मत हो, ऐसा कुछ भी मत करो जिससे इलाज के लिए तुम्हें अस्पताल आना पड़े।'

दोनों का इस्तीफा चाहते हैं प्रदर्शनकारी

समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में श्रीलंका के विदेश मंत्रालय के पूर्व सलाहकार ने बताया कि लोग पीएम और राष्ट्रपति दोनों को सरकार से बाहर देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि पीएम इस्तीफा दे दें, क्योंकि हमारे संविधान के अनुसार अगर राष्ट्रपति इस्तीफा देते हैं, तो पीएम कार्यवाहक राष्ट्रपति बन जाएंगे। लोग चाहते हैं कि दोनों चले जाएं। पुलिस ने आंसू गैस के गोलों के जरिए कार्रवाई की है।'

सरकारी चैनल ने बंद किया सीधा प्रसारण

जातिक रूपवाहिनी नाम से पहचाने जाने वाले सरकारी न्यूज चैनल श्रीलंका रूपवाहिनी कॉर्पोरेशन ने सीधा प्रसारण बंद कर दिया है। खबर है कि प्रदर्शनकारियों ने चैनल परिसर को घेर लिया था। इसके बाद यह फैसला लिया गया है।

क्या हैं देश के मौजूदा हालात

राष्ट्रपति गोटबाया के देश छोड़कर भागने के बाद नागरिकों का गुस्सा और भड़क गया था। वहीं, इसके बाद जब प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे को कार्यवाहक रष्ट्रपति बनाया गया तो प्रदर्शनकारी और हिंसक हो गए। नाराज भीड़ ने कोलंबों में पीएम आवास को घेर लिया था। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। बावजूद इसके प्रदर्शनकारी सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए पीएम आवास में पहुंच गए।

20 को मिलेगा नया राष्ट्रपति

राष्ट्रपति गोटबाया ने बुधवार को अपना इस्तीफा देने का फैसला कर लिया। स्पीकर अभयवर्धने के अनुसार गोटबाया ने जानकारी दी है कि वह आज देर शाम तक इस्तफा भेज देंगे। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई तक संसद में देश के नए राष्ट्रपति का चुनाव होगा। देश में लगातार बिगड़ते हालात के बीच विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया गया है।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह चार दिवसीय दौरे पर पहुंचे छत्तीसगढ़

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह बुधवार को चार दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। रायपुर के माना एयरपोर्ट पर उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। गिरिराज ने कहा प्रदेश में वह केंद्र सरकार की योजनाओं पर हुए कामों की समीक्षा करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार जो हमारे विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों का घर नहीं दे पाई उसे उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि आप मैचिंगग्रांट दें और गरीबों को घर उपलब्ध कराएं। बतादें कि प्रदेश में पिछले तीन साल से सात लाख 80 हजार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हैं। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए केंद्र से कुछ राशि जारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अब कोरोना की बूस्टर डोज भी मिलेगी मुफ्त

15 जुलाई से शुरू होगा अभियान

नई दिल्ली (ए.)। देश में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए बूस्टर डोज भी अब फ्री में लोगों को मुहैया कराने की तैयारी है। 18 से 59 साल तक की उम्र के लोगों को यह सुविधा सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर मिल सकती है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक 15 जुलाई से विशेष अभियान के तहत यह सुविधा दी जाएगी। सूत्रों का कहना है कि 75 दिनों तक यह अभियान चलेगा। इसके तहत पहले लगीं दो वैक्सीन डोज की तरह ही लोग सरकारी केंद्रों में जाकर बूस्टर डोज लगवा सकेंगे। बता दें कि कोरोना संक्रमण की दर में बीते कुछ वक्त से इजाफा देखने को मिल रहा है और इसी के चलते सरकार ने लोगों से बूस्टर

डोज लगवाने की अपील की है।

हालांकि एक वर्ग की मांग थी कि पहले की दो खुराकों की तरह ही बूस्टर डोज भी मुफ्त में मुहैया कराई जानी चाहिए। इसी बीच सरकार ने अब इस टीके को भी मुफ्त में ही दिए जाने का फैसला लिया है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 दिनों का यह विशेष अभियान चलाया जाएगा। अब तक 18 से 59 साल की आयु ■ शेष पृष्ठ 6 पर

6 महीने तक रहता है शुरुआती दो डोज का असर

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि अब तक 60 साल या उससे अधिक आयु के लोगों और फ्रंटलाइन वर्कर्स में से 26 फीसदी ने बूस्टर डोज लगवा ली है। एक अधिकारी ने कहा, 'बीते 9 महीनों में देश के ज्यादातर लोगों ने कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाई है। आईसीएमआर और अन्य वैश्विक संस्थाओं की स्टडी के मुताबिक दो डोजों से जो प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है, उसका असर 6 महीने तक बना रहता है। लेकिन उसके बाद एक बार फिर से बूस्टर डोज की आवश्यकता होती है।' इसलिए सरकार ने यह फैसला लिया है कि 18 से 59 साल की आयु के लोगों को मुफ्त में बूस्टर डोज की सुविधा मुहैया कराई जा सके।

खाद की ओवररेटिंग पर सीएम सख्त, अफसरों को कार्रवाई के दिए निर्देश

■ खाद की कमी को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार को लिखा जाएगा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में केन्द्र से रासायनिक उर्वरकों की कम आपूर्ति को देखते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त को केन्द्र से समन्वय कर मांग के अनुरूप रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति के लिए पत्र लिखने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों को मौसम की स्थिति पर नजर रखने और जहां खाद, बीज की कमी है, वहां खाद-बीज की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने निवास में आयोजित बैठक में प्रदेश में वर्षा की स्थिति, खाद-बीज की उपलब्धता, सिंचाई जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खरीफ फसलों के क्षेत्राच्छादन, संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के उपायों की समीक्षा की। बैठक में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे भी उपस्थित थे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एसपी, एएसपी, सीएसपी व डीएसपी समेत 44 पुलिस अफसरों का तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राज्य पुलिस सेवा के 44 अफसरों का तबादला हुआ है। इसमें मैनपाट और माना पुलिस ट्रेनिंग स्कूलों के अधीक्षक भी शामिल हैं। पीटीएस-पुलिस ट्रेनिंग स्कूल मैनपाट के एसपी रवि कुमार कुर्रे को आईजी सरगुजा के कार्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक पद पर तैनाती दी गई है। वहीं पीटीएस माना की एसपी रहीं राजश्री मिश्रा को छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 13वीं बटालियन का उप सेनानी बनाकर कोरबा भेजा जा

रहा है। इसके अलावा एमआर मंडावी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रोटोकाल रायपुर को एटीएस जगदलपुर, मो. इरफान उल रहीम खान- राजनांदगांव से माना-रायपुर, जयंत वैष्णव राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी रायपुर, सचिन्द्र चौबे सुकमा से पीटीएस बोरगांव कोंडागांव, राजकुमार मिंज चंद्रखुरी से मैनपाट, गजेन्द्र सिंह एएसपी राजनांदगांव से पीटीएस राजनांदगांव, रमा पटेल- उप सेनानी, 4थी वाहिनी, माना रायपुर, उनेजा खातून रायपुर, ओम प्रकाश शर्मा जोनल रायपुर, नीरज चंद्राकर- उप सेनानी, 19वीं वाहिनी, बस्तर, मेधा टेंभुरकर महासमुंद से धमतरी, नेहा पांडे डोंगरगढ़, सुखनंदन राठौर शहर रायपुर, खोमन सिन्हा अंतागढ़, जय प्रकाश बढ़ई डोंगरगढ़ से ट्रैफिक रायपुर, राजेन्द्र जायसवाल शहर, बिलासपुर, रोहित झा कोरिया समेत अन्य शामिल हैं।

बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 12000 तीर्थयात्री रवाना

श्रीनगर (वार्ता) जम्मू-कश्मीर में स्थित बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा के दर्शन के लिए बुधवार सुबह करीब 12,000 यात्रियों का एक नया जत्था नुनवान और बालटाल आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर दशनामी अखाड़ा श्रीनगर से संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि द्वारा भगवान शिव की चांदी की गदा पूजा (छड़ी मुबारक) की पूजा करने के लिए पहलगाम लेया गया है।

कल छत्तीसगढ़ आएंगी राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू

■ भाजपा ने तैयारियां की शुरू, साय बोले- अनुसूचित जनजाति वर्ग को मिला सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू कल शुक्रवार को छत्तीसगढ़ आएंगी। राजधानी रायपुर में भाजपा सांसदों-विधायकों, जनप्रतिनिधियों और आदिवासी समाज के नेताओं के साथ उनकी चर्चा होगी। इसकी तैयारियां भाजपा ने शुरू कर दी है। आदिवासी राष्ट्रपति के मुद्दे को

लेकर बीजेपी के नेता कांग्रेस से समर्थन देने की मांग कर रहे हैं। बुधवार को बीजेपी कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेता व अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार साय और पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान नंदकुमार साय ने कहा कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर जनजाति समुदाय के लोग भव्य स्वागत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

यूपी को नया अध्यक्ष, बिहार-गुजरात में नए प्रभारी नियुक्त करेगी भाजपा

नई दिल्ली (ए.)। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव और उससे पहले करीब एक दर्जन राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए संगठन को पूरी तरह चाक-चौबंद करने में जुट गई है। पार्टी में जल्द ही कई अहम संगठनात्मक बदलाव होने की संभावना है। इनमें उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा में पार्टी को नए अध्यक्ष नियुक्त करने हैं। इसके अलावा बिहार और गुजरात में नए संगठन प्रभारी भी बनाए जाने हैं। कुछ और राज्यों में भी संगठनात्मक स्तर पर बदलाव हो सकते हैं।

भाजपा नेतृत्व ने हैदराबाद में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद 'मिशन-2024' के लिए अपनी

संगठनात्मक तैयारियों को आकार देना शुरू कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का पहला कार्यकाल अगले साल जनवरी में समाप्त हो रहा है। हालांकि, यह अभी साफ नहीं है कि इससे पहले संगठनात्मक चुनाव कराए जाएंगे या आगामी चुनावों को देखते हुए मौजूदा नेतृत्व को ही विस्तार दिया जाएगा। जेपी नड्डा को दूसरा कार्यकाल मिलने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, इसी महीने पार्टी कुछ राज्यों में नए अध्यक्षों और नए संगठन प्रभारियों की नियुक्ति कर सकती है। उत्तर प्रदेश में स्वतंत्र देव सिंह के मंत्री बनने के बाद अध्यक्ष पद पर नई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गोवा के बाद गुजरात में कांग्रेस को टूट का डर चुनाव से पहले कई विधायक बदल सकते हैं पाला

नई दिल्ली (ए.)। गोवा कांग्रेस में बगावत फिलहाल थम गई है। मगर, कांग्रेस की चुनौती अभी खत्म नहीं हुई है। पार्टी को डर है कि गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में उसके कई विधायक साथ छोड़ सकते हैं। इसलिए, पार्टी सभी विधायकों को एकजुट रखने की कोशिश में जुट गई है।

गुजरात में कांग्रेस के वर्तमान में 64 विधायक हैं। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को 77 सीट मिली थी, पर पिछले दो साल में 14 विधायकों ने कांग्रेस का साथ छोड़ा है। निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवाणी के पार्टी में शामिल होने से यह आंकड़ा 64 पर पहुंचा है। पार्टी

इन विधायकों को हर हाल में अपने साथ बरकरार रखना चाहती है।

प्रदेश कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि महाराष्ट्र और गोवा की तरह भाजपा गुजरात में भी कांग्रेस विधायकों से संपर्क कर रही है। भाजपा की कोशिश है कि चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर कांग्रेस विधायकों को पार्टी में शामिल किया जाए, ताकि वह चुनाव में अपने पक्ष में माहौल बना सके। ऐसे में कांग्रेस अपने सभी विधायकों के साथ लगातार संपर्क में हैं। कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा कि चुनाव में पार्टी के सभी मौजूदा विधायकों का टिकट लगभग तय है। हालांकि, कुछ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

उद्धव ठाकरे की दुविधा

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सत्ता खोने के बाद से अपने संगठन को बचाने में लगे हुए है लेकिन वे अभी तक तय नहीं कर पाए है कि उन्हे आखिर आगे करना क्या है। उद्धव ठाकरे की यह दुविधा ही शिवसेना में दरार बढ़ाने का काम कर रही है। उद्धव ठाकरे अभी भी महाअघाड़ी गठबंधन में शामिल है जिसका अब कोई मतलब नहीं रहा गया है। महाअघाड़ी गठबंधन सरकार के गठन के लिए बना था और जब सरकार ही गिर गई है तो इस गठबंधन का कोई अर्थ ही नहीं रह गया है। बशर्ते महाराष्ट्र में विधानसभा के मध्यावधि चुनाव न हो, जिसकी दूर दूर तक कोई संभावना नहीं है। आगामी लोकसभा चुनाव में भी उद्धव ठाकरे की शिवसेना के लिए कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ना घाटे का ही सौदा सिद्ध हो सकता है। ऐसी स्थिति में जबकि शिवसेना के विधायक, सांसद और पार्षद तक एकनाथ शिंदे के साथ जुड़ते जा रहे है तो उद्धव ठाकरे के सामने भाजपा के साथ हाथ मिलाने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाएगा। इसकी भी संभावना न के बराबर है। उद्धव ठाकरे यदि ऐसा चाहेंगे भी तो भी भाजपा अब उनके साथ हाथ मिलाने से परहेज ही करेगी। कहा जाता है न कि दूध का जला छांछ को भी फूंक- फूंक कर पीता है। उद्धव ठाकरे की बेचारगी इसी बात से समझी जा सकती है कि एनडीए की ओर से घोषित राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी द्रोपदी मुर्मून का कांग्रेस और राकांपा ने विरोध किया है और यूपीए के प्रत्याशी यशवंत सिन्हा का समर्थन किया है लेकिन उद्धव ठाकरे के साथ जो 18 सांसद बताए जाते है उन्होने एक बैठक में उद्धव ठाकरे पर दबाव बनाया है कि वे एनडीए की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मून का ही समर्थन करें। इस बैठक में सांसदों के तल्ख तेवर को देखकर शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत बैठक को अधूरी छोड़कर ही निकल गए। इसका मतलब साफ है कि शिवसेना के सांसद भी उद्धव ठाकरे के हाथ से निकलते जा रहे है और ऐसा ही चलता रहा तो उद्धव ठाकरे की मुश्किलें आगे और बढ़ जाएंगी। दरअसल उद्धव ठाकरे असमंजस में फंसे हुए है। उन्हे आगे का रास्ता ही नहीं सूझ रहा है। नतीजतन संगठन पर उनकी पकड़ कमजोर होती जा रही है और एकनाथ शिंदे गुट लगातार मतबूत होता जा रहा है। यदि अभी भी उद्धव ठाकरे दुविधा से नहीं निकले तो कोई बड़ी बात नहीं कि शिवसेना संगठन पर एकनाथ शिंदे गुट का ही कब्जा हा जाएं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना की ओर से राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने की घोषणा यही बता रही है कि पार्टी के उन सांसदों के दबाव ने असर दिखाया, जो राष्ट्रपति के चुनाव में कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी राकांपा का साथ देने के पक्ष में नहीं थे। उद्धव ठाकरे की घोषणा से केवल राष्ट्रपति प्रत्याशी के रूप में द्रौपदी मुर्मू की जीत और अधिक सुनिश्चित नहीं हुई है, बल्कि शिवसेना के संसदीय दल में टूट का खतरा भी टला है।

भारतीय सांस्कृतिक पर्व गुरुपूर्णिमा

डॉ. संजय कुमार

महर्षि वेदव्यास संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे। उन्हें कृष्ण द्वैपायन भी कहा जाता है । वे आदि गुरु हैं। इसलिए उनके जन्मदिन आषाढ़पूर्णिमा को गुरुपूर्णिमा के नाम से जाना जाता है ।वेदांत दर्शन व अद्वैत वाद के संस्थापक वेदव्यास ऋषि पाराशर के पुत्र थे तथा उनकी माता का नाम सत्यवती था । पत्नी आरुणि से उत्पन्न महान बाल योगी सुखदेव इनके पुत्र हैं। एक परंपरा के अनुसार पांडु, धृतराष्ट्र और विदुर भी महर्षि वेदव्यास के संतान माने जाते हैं । वेदव्यास ने महाभारत, ब्रह्मसूत्र ,18 पुराण ,18 उपपुराण की रचना किए हैं । इसके अतिरिक्त इन्होंने वेदों को उनके विषय के अनुसार ऋग्वेद, यजुर्वेद ,सामवेद, अथर्ववेद के रूप में चार भागों में विभाजित किया है। महर्षि वेदव्यास की शिष्य परंपरा में पैल ,जैमिनी, वैशंपायन, समन्तु मुनि , रोमहर्षण आदि का नाम महत्वपूर्ण रूप से सामने आता है। यह आषाढ़ पूर्णिमा गुरु महात्मा का पर्व है। इस दिन गुरु की पूजा का विधान शास्त्रों में मिलता है ।गुरुपूर्णिमा वर्षा ऋतु में पड़ती है।

भारतीय संस्कृति में गुरु का विशेष महत्व माना गया है। गुरु ही मनुष्य में ज्ञान का आधान करता है। इसलिए आषाढ़-पूर्णिमा के दिन गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। यद्यपि भारत देश ऋषि प्रधान देश रहा है, हर युग में ऋषियों के प्रति आदर - सम्मान का भाव देखने को मिलता है। काश्यप, आंगिरा, भृगु ,वशिष्ठ, अगस्त्य, भारद्वाज ,जमदग्नि, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य , जैमिनी , बाल्मीकि, दुर्वाषा आदि की एक वृहद ऋषि परंपरा देखने को मिलती है । इन सभी के प्रति शिष्यों द्वारा अपार श्रद्धा का भाव भी दृष्टिगोचर होता है। यह देश ज्ञान वैभव का देश है । यहाँ अपरा और परा विद्याओं का संगम है । आत्मा तथा शारीर के साथ ही आदिभौतिक , आदिदैविक और आध्यात्मिक चिन्तन परम्परा का विकास ऋषियों के मनीषा से ही व्यक्त होती है । भारत में ज्ञान के मूलभूमि ऋषि ही हैं । क्योंकि सभी शास्त्र उन्ही के द्वारा श्रुत परंपरा से संरक्षित रहे हैं । इसलिए ऋषि परंपरा को ही गुरुपरंपरा के रूप वन्दना की जाती है । लेकिन एक मान्यता के अनुसार महर्षि वेदव्यास का जन्म आषाढ़ पूर्णिमा के दिन हुआ था । उन्हीं के सम्मान में आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के दिनही गुरुपूर्णिमा पर्व का आयोजन होता है। ऐसा भी बताया जाता है कि इसी दिन महर्षि वेदव्यास ने अपने शिष्यों व मुनियों को सर्वप्रथम श्रीमाद्भागवद्पुरण का उपदेश दिया था। श्रीमाद्भागवद्पुरण उनके अट्ठारह पुराणों में इसलिए श्रेष्ठ है क्योंकि इसमें भगवत-भक्ति के द्वारा मोक्ष का मार्ग बतलाया गया है। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि महर्षि वेदव्यास ने ब्रह्मसूत्र को लिखना इसी दिन प्रारंभ किया था। इसलिए वेदांत दर्शन के प्रारंभिक दिन को गुरुपूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। ब्रह्मसूत्र वेदान्त दर्शन का वह ग्रन्थ है जो जीव -ब्रह्म की एकता की घोषणा करता है । यहाँ यह भी बताना का उचित होगा कि भक्ति काल के संत श्री घासीदास का जन्म भी आषाढ़पूर्णिमा के दिन ही हुआ था। जो कबीर दास के शिष्य माने जाते हैं । पूर्णिमा के दिन का भौगोलिक रूप से भी अत्यधिक महत्व माना जाता है ।इस दिन चंद्रमा का पृथ्वी के जल से सीधा संबंध होता है। फलतः समुद्र में ज्वार- भाटा उत्पन्न हो जाता है। चंद्रमा समुद्र के जल को अपनी ओर खींचता है। यह क्रिया मनुष्य को भी प्रभावित करती है क्योंकि मनुष्य के शरीर में भी अधिकांश भाग जल का ही है । इसलिए मनुष्य के शरीर की जल की गति

बदल जाती है । गुण में भी परिवर्तन हो जाता है। आत्म- विस्तार की स्थिति बनने लगती है जिससे एक अपूर्व आनंद की अनुभूति है ।

महर्षि वेदव्यास संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे। उन्हें कृष्ण द्वैपायन भी कहा जाता है । वे आदि गुरु हैं। इसलिए उनके जन्मदिन आषाढ़-पूर्णिमा को गुरुपूर्णिमा के नाम से जाना जाता है ।वेदांत दर्शन व अद्वैत वाद के संस्थापक वेदव्यास ऋषि पाराशर के पुत्र थे तथा उनकी माता का नाम सत्यवती था । पत्नी आरुणि से उत्पन्न महान बाल योगी सुखदेव इनके पुत्र हैं। एक परंपरा के अनुसार पांडू, धृतराष्ट्र और विदुर भी महर्षि वेदव्यास के संतान माने जाते हैं । वेदव्यास ने महाभारत, ब्रह्मसूत्र ,18 पुराण ,18 उपपुराण की रचना किए हैं ।इसके अतिरिक्त इन्होंने वेदों को उनके विषय के अनुसार ऋग्वेद, यजुर्वेद ,सामवेद, अथर्ववेद के रूप में चार भागों में विभाजित किया है। महर्षि वेदव्यास की शिष्य परंपरा में पैल ,जैमिनी, वैशंपायन, समन्तु मुनि , रोमहर्षण आदि का नाम महत्वपूर्ण रूप से सामने आता है। यह आषाढ़ पूर्णिमा गुरु महात्मा का पर्व है। इस दिन गुरु की पूजा का विधान शास्त्रों में मिलता है ।गुरुपूर्णिमा वर्षा ऋतु में पडती है। इस दिन से 4 महीने तक परिव्राजक साधु-संत एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान का प्रकाश चारों ओर बिखेरते हैं ।यह 4 माह प्राकृतिक रूप से बहुत रमणीय होता है। ना अधिक गर्मी पड़ती है ना सर्दी का भान होता है। इसलिए चाहे ज्ञान क्षेत्र हो या अध्ययन क्षेत्र हो दोनों दृष्टि से यह समय बड़ा ही उपयुक्त माना जाता है। ऐसे समय में साधक द्वारा की गई साधना फलीभूत होती है। ठीक वैसे ही जैसे सूर्य के ताप से तप्त भूमि को वर्षा की शीतलता एवं पौधे उत्पन्न करने की शक्ति मिलती है वैसे ही गुरु के सानिध्य में उपस्थित होकर साधकों की ज्ञानशक्ति , भक्ति, शांति और योग की प्राप्ति होती है।

यद्यपि भारतीय संस्कृति ऋषियों का आचरण - व्यावहार द्वारा परिष्कृत संस्कृति है । यहाँ पर ऋषियों - मुनियों के प्रति जीवन के प्रारम्भिक काल से ही श्रद्धा का भाव देखने को मिलता है । ऋषि अपने आचरण मात्र से शिष्यों के अन्तः करण में ज्ञान का प्रकाश प्रज्वलित कर देता है । ऋषि ज्ञान का प्रकाश अत्यंत गंभीर ,गुरु व भारी होता है । इसी लिए उपदेशक ऋषियों को गुरु की संज्ञा से विभूषित किया गया है ।गुरु शब्द दो वर्णों के योग से बना है गु और रु । गु का अर्थ होता है अंधकार या अज्ञान तथा रु का अर्थ होता है हटाने वाला या अवरोधक । इसलिए गुरु शब्द का अर्थ अज्ञान को हटाने वाला या अंधकार को दूर करने वाला होता है । गुरु का ज्ञान भारी है ,गुरु का कार्य भारी है और गुरु की सेवा भी भारी ही है । इसलिए वह गुरु कहलाता है । गुरु ही अज्ञान तिमिर का अपने ज्ञानांजन शलाका से हरण कर देता है ।यानि अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य गुरु ही करता है । जिसके सम्बन्ध में ठीक ही कहा गया है।

अज्ञान तिमिरंध्श्च ज्ञानांजन शलाकया ।
चक्षुन्मिलितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः।

एक बात और ध्यान देने योग्य है कि गुरु का महत्व सभी धर्मो व सम्प्रदायों में है । जैन, बौद्ध , सिक्ख, इसाई, पारसी,इस्लाम आदि सभी किसी न किसी रूप में गुरु की सत्ता में विश्वास रखते है । सभी गुरु का आदर करते हैं ।क्योंकि गुरु ही सबके ज्ञान का आधार है। मैं ऐसा धर्म ,संप्रदाय ,जाति नहीं देखता हूँ जो विना गुरु का हो , सबके अपने-अपने गुरु हैं ।गुरु के महात्म्य के सम्बन्ध में आदिकवि वाल्मीकीय भी कहते हैं-

स्वर्गोधनं वा धान्यं वा विद्या पुत्राः सुखानि च ।
गुरुवृत्यनुरोधेन न किंचिदपि दुर्लभम्।

अर्थात् गुरुजनों की सेवा का अनुसरण करने से स्वर्ग ,धन ,धान्य,विद्या ,पुत्र ,और सुख कुछ भी दुर्लभ नहीं होता है । यहाँ सेवा से अभिप्राय गुरु का अनुशासन है, उसका निर्देश ही सेवा है । भारतीय परंपरा में गुरु को व्रह्म , विष्णु और महेश के समकक्ष मानते हुए का गया है।

गुरुर्व्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरु साक्षात् परव्रह्म तस्मै श्री गुरवे नाम।

कविता

जिनगी के उसुल

चन्द्रकांत खुंटे

मोरो जिनगी के कुछु उसुल हे। जेमा नइ करा कोनो भुल ए।।
अपन डाहर मा आथा-जाथा अपन डेहरी तक रखथव नाता
दुसर के घर ला झाँके के पहली अपन टुटहा छानी ला पाथा।
कभु-कभु जूच्छा पेट सो जाथा। खुद के जिनिस मा,नरि तक खाथा।
दिन भर लाँघन-उपास रहि-रहि के, काकरो मेर उधारी नइ माँग पाथा।।
जेन कथव तेला करते जाथा। झुट-लबारी ले दुरिहा भागथा।
हर वो गोठ-बचन ला पुरा करथव जेला जब भी किरिया खाथा।।
छल-कपट चारी-चुगली नइ जाना। गोठ-गोठ मा कोनो ला नइ भुलवारा।
झुठ ला झुठ सित्तो ला सित्तो कहिके, सत-असत के जम्मो परछो पाथा।।
काकरो भी अनभल मय नी चाहा। सुक-दुक मा बरोबर सबके जाथा।
पर के पीरा हा महुँ ला जनाथे, तभे तो क्रांति बर अवाज उठाथा।।

आवव सँगी बिरवा हम लगाबो

अशोक पटेल

आवव सँगी आवव,बिरवा हम लगाबो आवव संगी साथी,भुइया हम सजाबो
गांव-गली पारा म चउक म हटवारा म। धरती म बिरवा जगाबो आवव सँगी आवव....
खेत-खार सुन्ना होंगे, मेड़ घलो सुन्ना बनिस नावा डाहर त, कटगे पेड़ जुन्ना
छइहा हर नोहर होगे,कहाँ सुख पाबो। आवव सँगी आवव....
चिरई-मन खोजत हावे,रुखुवा के थइहा तरसत हे छइहा बर,गांव गहे गंवतरिहा
झिलरी अउ झाड़ी छईहा रद्दा ल बनाबो। आवव सँगी आवव..
घर-अंगना खोर गली,अउ जमो मोहाटी खेत-खार, मेड़-पार अउ घलो चौपाटी
गोकुल के धाम सही चला अब सुघराबो। आवव संगी आवव....
नरवा के तीर घलो, पारे-पार तरिया फुलवारी लागे कलिन्दी कछार नदिया
गाँव-गाँव शहर-नगर ल मधुबन बनाबो आवव सँगी आवव....
धरती के तापमानब तभे तो सुधरही झमाझम रुखुवा म धरती हर सवँरही
आही बादर करिया अउ पानी बरसाबो आवव सँगी आवव....

युग ऋषि ने 40 दिन पहले कर ली थी तैयारी अपने महाप्रयाण की

धीरज लाल टांक

उनके महा प्रयाण का समाचार पूरे भारत और दुनिया मे तेजी से फैल गया था, सभी छह स्थानो मे लक्ष वेदीय दीप यज्ञों की घोषणा हो चुकी थी सभी स्थानो पर गुरुदेव के भष्मी कलश पहुंचाए जा रहे थे, पूरे भारत के कार्यकर्ता अपने निकटस्थ स्थान के दीप यज्ञ के कार्यक्रम हेतु आरक्षण एवं यात्रा की तैयारी कर चुके थे, प्रत्येक यज्ञों मे चालीस हजार से लेकर एक लाख परिजंनो की उयपस्थिति देखी गई, और वहाँ पर पु गुरुदेव के भष्मी कलश पहुँच चुके थे, अतः सभी ने इसी रूप मे गुरुदेव के अंतिम दर्शन करके ऊर्जा और संतुस्टी प्राप्त की, परिणामतः हरिद्वार के बहुत ही समीप रहने वाले थोड़े से परिजन ही शांति कुंज पहुँच सके, अन्यथा इस हृदय विदारक समाचार को सुनकर शांति कुंज मे आगंतुक भीड़ का संतुलन बिगड़ जाने की पूरी संभावना थी। यही था युग दृस्टा

मुझे अच्छी तरह याद है पू गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने 1985 मे एक बार अपने उद्बोधन मे कहा था, मेरी मार्गदर्शक सत्ता ने मुझे पाँच वर्ष का एक्स्टेंसन दिया है, कुछ जरूरी कार्य और दिया गया है, उन्हे इस अवधि मे पूरा करना है 7 एक तरह से उन्होने उसदिन 1990 मे अपने महाप्रयाण करने का संकेत पाँच वर्ष पूर्व ही दे दिया था।

जैसा की हम सब उन्हे युग दृस्टा, तपोनिस्ठ, वेदमूर्ती, आदि उपमाओ से विभूषित करते है, यह सारी क्षमता उनके दैनंदिन के कार्य और उनकी जीवन शैली को नजदीक से जिन्होने देखा है, उन्हे उनकी इस दक्षता का परिचय मिलता रहा है 7 उस विराट सत्ता ने अपने आप को हमेशा छिपा कर रखा था, अपनी शक्ति को कभी उजागर और प्रदर्शित नहीं होने दिया, केवल श्रृजन कार्य मे लगे रहे, अस्सी वर्ष की आयु मे आठ सौ वर्ष का काम करके चुप चाप निकल गए ऐसे थे युग दृस्टा। लगभग अप्रेल तीसरे सप्ताह 1990 के आस पास की तारीख होगी, शांति कुंज हरिद्वार मे पू गुरुदेव अपने कमरे मे कुछ विशिष्ट जनो से चर्चा कर उन्हे ससम्मान विदा करके, तत्कालीन शांतिकुंज व्यवस्थापक भाई बलराम सिंह परिहार को बुला कर कहा, आज संध्या 4 बजे सभी विभाग प्रभारियो को बुला लो, अगले दिनो की कुछ बड़ी तैयारियों की चर्चा करनी है।

लगभग 4 बजे शांति कुंज के समस्त क्रीम कोटी के वरिस्ठ लगभग अठारह बीस लोग उपस्थित हुए, गुरुदेव ने कहा घटना क्रम अगले दिनो तेजी से बदल रहे हैं, शुक्ष्म जगत मे जो विभीषिकाएँ मुझे दिखाई पड रही है, उनसे निपटने के लिये अब स्थूल शरीर की ताकत कम पड रही है, अतः मुझे शुक्ष्म मे रह कर अगले दिनो कार्य करना पड़ेगा, उन्होने भारत का नक्शा मंगाया, और कहा गायत्री जयंती 2 जून को है, अतः इन स्थानो को चुन लो, नक्शे मे पेंसिल से कुछ शहरो के नामो पर निशान लगाया, गुजरात मे 1)अहमदाबाद, राजस्थान मे 2) जयपुर, उ प्र मे 3) लखनऊ, बिहार मे 4) मुजफ्फर पुर, और मध्य प्रदेश मे 5) भोपाल और 6) कोरबा, इन स्थानो मे 7 जून को संध्या विराट लक्ष वेदीय दीप यज्ञों का आयोजन घोषित कर दो एक दिन पूर्व अर्थात 6 जून को संध्या विशेष गोष्ठी का आयोजन, कार्यक्रम स्थल पर रख लो, सारे परिजन 6 जून

संध्या तक पहुँच जावे, इस बीच कही भी कुंडीय यज्ञ हो तो रोक दिया जावे। सभी को पत्र भेज दिया जावे, सभी परिजन अपने निकटस्थ क्षेत्र के दीप यज्ञ मे अवश्य शामिल हों। इन यज्ञों मे जुडने से वंचित कोई भी न रहे। परिजनो ने कुछ प्रश्न किया शंका समाधान और निवारण भी हुआ लेकिन कार्यक्रम यथावत रखा गया । सबके मन मे एक ही प्रश्न था एक ही तिथि मे सारे स्थानो मे क्यों ? लेकिन कहागया समय आने पर समझ मे आ जवेगा। गायत्री जयंती के एक दिन पूर्व अर्थात 1 जून 1990 संध्या अदरणीय डा प्रणव पण्ड्या जी को बुला कर कल की व्यवस्था का संकेत इन शब्दो मे दिया दिया, कल प्रातः से 12 बजे तक की दिनचर्या यथावत रहेगी इसमे कोई परिवर्तन न करे, दोपहर 12 बजे एक विशेस घंटी बजा कर सभी को प्रवचन कक्ष मे बुला के सूचना दे देना, इन शब्दो की अभिव्यक्ति तक तो श्रद्धेय को स्पस्ट नहीं हो पाया था कि गुरुदेव आखिर कह क्या रहे है, बाद के शब्द सुनकर उनके पैरों से जमीन खिसक गई, आगे गुरुदेव ने कहा मेरे शरीर को दर्शन वंदन के लिए अधिक देर तक मत रोकना, मै चाहता हूँ लोग मेरे शरीर से नहीं मेरे विचारों और साहित्य जुड़ें, संध्या 4 बजे तक यह पार्थिव शरीर अग्नि को समर्पित कर देना। इन शब्दो को सुन कर डाक्टर साहब एक दम अचंभित रह गए, मानो किसी ने आसमान से जमीन में फेक दिया हो, आंखो मे अश्रुधार की गंगा बह चली थी,

बहुत अनुनय विनय मनुहार करी गुरुदेव ने कहा मै केवल शरीर छोड़ रहा हूँ न तो शांति कुंज छोड़ रहा हु और नहीं यह मिशन, प्रखर प्रज्ञा मेरा घोषला होगा, चिंता मत करो अगले दिनो यह मिशन बहुत ही विस्फोटक गति से विस्तार लेगा फिलहाल जो कहा जा रहा है उतना ही करो। करुण आर्त लेकर वे नीचे आए वंदनीय माता जी से और श्रद्धेय शैल जीजी को बताया, संदेश को सार्वजनिक करने पर रोक लगी थी, अतः अन्य किसी से चर्च नहीं की। प्रातः 5 बजे प्रवचन मे जाने से पूर्व माता जी पू गुरुदेव से मिलने आयी, अश्रु पूरित श्रद्धा षिक्त नजरों से अपने आराध्य के अंतिम दर्शन किए, कुछ जरूरी निर्देश और हिदायतें दी गई, प्रवचन का समय प्रतिदिन 7, 30 से 9,00 होता था, गुरुदेव अपने साधना कक्ष मे ही रहे, लगभग 8,30 पूछा - माताजी प्रवचन से आ गई, सेवक ने बताया अभी नहीं, कुछ समय बाद उन्होने पुनः पूछा क्या माताजी आ गई सेवक ने बताया प्रवचन मंच से उतर रही है, इस शब्दो को सुनकर उन्होने माता गायत्री के चरणो मे नमन किया और अपनी चेतना को अनंत मे विलीन कर दिया 7 प्रवचन कक्ष से आने के बाद वंदनिया माताजी एवं परिवार के सभी सदश्य साधना कक्ष मे पहुंचे श्रद्धेय डा साहब ने चिकित्सक के नाते कुछ औषधि और इंजेक्सन देने का प्रयास किया, लेकिन आश्चर्य की शरीर कुछ भी लेने को तैयार नहीं था, सबकुछ वापस बाहर आ गया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कोमल अंग सुकोमल



कोमल अंग सुकोमल नारी , भोर भये जाये पनघट पनहारी, अंग लपेट मनभावन सारी , चंचल चितवन चपल पग धारी । पांव मे नूपुर छमछम बाजे , माथे पर लाल टिकुली साजे, बूंद बूंद जल टपकाय केश , कमरिया पर गगरी साजे अधजल गगरी छलकत जाये , लचक लचक कमरिया बलखाये । छलक छलक जल , भीगे सारी सिमट सिमट जाये लाज से नारी ।।

– शिखा लाहीरी

बड़ी हवेली देख कर



बड़ी हवेली देख कर ,मत जाना तू रीझ, भीतर जाकर देखना, मन जाएगा खीझ, मन जायेगा खीझ ,बसे हैं पूजक धन के, इक दूजे से वैर ,दास हैं अपने मन के, कहे प्रदीपा सोच ,सुख दुख संग तू हेली, झुकना न कभी देख ,किसी की बड़ी हवेली।

– अग्नीहोत्री प्रो. चंद्रकांता

ख़ास पाती | लहू बहने दो पत्थर ओढ़कर



लहू बहने दो पत्थर ओढ़कर हूँ तेरी यादों की चादर ओढ़कर हूँ तबस्सुम हैं नहीं मेरे लबों पर ग़मों का आज लश्कर ओढ़कर हूँ लिये हाथों में ख़ंजर लोग मिलते ज़माने का अभी डर ओढ़कर हूँ मेरी आँखों से बहते हैं लहू अब किसी का ज़ख्म अक्सर ओढ़कर हूँ ज़रा तुम पूछ लो फ़िर आईने से मुहब्बत का ही ख़ंजर ओढ़कर हूँ ठिकाना आज भी फुटपाथ मेरा मगर ख़्वाबों का ही घर ओढ़कर हूँ चमन की तितलियाँ ख़ामोश हैं अब चमन का सारा मंज़र ओढ़कर हूँ नहीं बहते हैं 'ऐनुल' अश्क मेरे ज़रा सा आज तेवर ओढ़कर हूँ।

– 'ऐनुल' बरौलवी

चराग़ ए दिल यूँ जला बुझा



चराग़ ए दिल यूँ जला बुझा तुम याद आये, दर्द ए दिल कुछ हल्का हुआ तुम याद आये मैं तो खो सा गया था पिछले ही मोड़ से जब तेरी गली से गुजर गया तुम याद आये वो चांदनी वो बारिशें सड़क सड़क सफ़र सफ़र याद आया सब भूला हुआ तुम याद आये रात दिन तुझे सोचना लिखा लिखा मिटा मिटा दिखता रहा जो धुला हुआ तुम याद आये महफ़िल में यूँ तन्हा रहा जाम जैसे टूटा हुआ अपने से भी उक्ता गया तुम याद आये।

– मुनेश शर्मा

सावन अगन लगाये सखिया बैरी



सावन अगन लगाये सखिया बैरी बूंद न भाये खिया!! नैन भरे कजरा..दह जाये, जुल्मी बहुत सताये सखिया !! जा बैठे ....परदेश....बलमुआ , मुझ पे गजब ये ढाये सखिया!! रो..रही..मेघा मेरे...... संग में, चुप अब कौन कराये सखिया!! अबके सावन ... साजन आये, मन उपवन खिल जाए सखिया !!

– रूबी झा 'कमल'

सुधीर चौधरी ने आजतक

सुधीर चौधरी ने आजतक जॉइन किया। ये खबर इस बात की पुष्टि करती है की जी न्यूज से उसे निकाला गया है नोकरी से न कि खुद उसने छोड़ी है। बाकी अपना नया वेंचर वगैरह सब फॉल्स था। अब या तो आजतक बदलेगा या सुधीर चौधरी की निष्ठाए .. वैसे निष्ठा उसी के लिए होती है जो पैसा देता है।

– ओम प्रकाश जायसवाल

विपक्षी नेताओं के घर के बाहर कबूतरों ने सामूहिक आत्महत्या

विपक्षी नेताओं के घर के बाहर कबूतरों ने सामूहिक आत्महत्या का प्लान बनाया है। उनका कहना है कि अगर ये लोग शेर को शांति का प्रतीक मानते हैं तो हम कबूतरों को इतने सालों तक शांति का प्रतीक बता बता कर क्यों उड़ा रहे थे। धोखा है ये।

–रितेश सोनारे

जब भी तुझको देखती हूँ खुद सँवर जाती हूँ मैं याद कर तेरी



जब भी तुझको देखती हूँ खुद सँवर जाती हूँ मैं याद कर तेरी वो बातें फ़िर बिखर जाती हूँ मैं बात करने का बहाना तुम बनाते ही नहीं तुमसे लेकिन बात करने ही उधर जाती हूँ मैं मौन रहते हो सदा से कुछ कभी कहते नहीं बात करते हो कभी गर सच में डर जाती हूँ मैं इक सड़क हो दौड़ती सी तुम घने जंगल में और तुम से होकर ही तो जाती हूँ जिधर जाती हूँ मैं झील सी आँखों में उतरूँ या बहूँ मैं साथ-साथ तैरना आता नहीं 'भवि' बस गुज़र जाती हूँ मैं।

– शुचि 'भवि'

QUIZ TIME

1) खेलो इंडिया गेम्स- 2021 में किन चार स्वदेशी खेलों का शामिल करने का निर्णय लिया गया है?
2) जनसंख्या 2011 के अनुसार देश में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला जिला कौन-सा हैं?
3) रेलवे सुरक्षा बलों द्वारा रेलवे परिसरों एवं रेलगाड़ियों में अनधिकृत ब्रांड वाली पानी की बोतलों की बिक्री पर रोक हेतु चलाया गया अभियान का नाम क्या है?
4) वॉलीबॉल खेल का जनक किसे कहा जाता है?
5) वंशीधर भट्ट किस लोक नाट्य के प्रमुख कलाकार थे?

Ramaquiz



उत्तरमाला- (1) कलारीपयट्टू, मल्लखंब, गतका तथा थांग-टा (2) उत्तर-पूर्व दिल्ली (3) ऑपरेशन थर्स्ट (4) विलियम जी. मॉर्गन (5) नाचा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1223- फ्रांस में लुईस अष्टम सम्राट बना। 1456- बेलग्रेड के युद्ध में हंगरी ने ऑटोमन को पराजित किया। 1536- फ्रांस एवं पुर्तगाल ने स्पेन के खिलाफ लियोंस के नौसैनिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1636- मुगल बादशाह शाहजहां ने औरंगजेब को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया। 1656- सिख गुरू हर किशन जी का जन्म हुआ। 1789- फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत हुई। 1900- यूरोपीय गुट ने चीन से बॉक्सर विद्रोहियों के कब्जे से तिएन्तसिन को वापस लिया। 1914- रॉबर्ट एच. गोडार्ड ने तरल रॉकेट ईंधन का पेटेंट कराया। 1933- जर्मनी में नाजी पार्टी को छोड़ शेष सभी को गैर कानूनी घोषित किया गया। 1940- द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी के बमवर्षक विमानों ने स्वेज पर बमबारी किया। 1958- इराकी सेना ने राजशाही को समाप्त किया। 1969- जयपुर में मालगाड़ी और पैसेंजर ट्रेन की टक्कर में 85 लोगों की मौत। 1972- तत्कालीन सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 1987- ताइवान में 37 वर्षों के सैनिक शासन का अंत हुआ। 1999- मेकरी मोरीटा पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री नियुक्त हुए। 2007- फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री सलम फयाद ने अपने पद से इस्तीफा दिया। 2014- इंग्लैंड के चर्च ने महिलाओं को भी बिशप बनाने के पक्ष में वोट किया। 2015- नासा का न्यू हॉरिजन प्लूटो पर जाने वाला प्लूटो पर जाने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना। 2016- राकेश चतुर्वेदी बने सीबीएसई के नए चेयरमैन।

मुख्यमंत्री भूपेश ने प्रदेशवासियों को श्रावण मास की दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान शिव की आराधना के प्रतीक पवित्र श्रावण मास के शुभारंभ पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख,समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। श्री बघेल ने कहा है कि सावन मास के प्रारंभ के साथ ही शिव जी की विशेष आराधना शुरू हो जाती है। श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव से सावन सोमवार को शिवजी का व्रत रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन मास के दौरान शिवालयों में भक्तों की भीड़ होती है, कांवर निकलते हैं। इस दौरान सभी नागरिक कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

मनोरोगियों के लिए एम्स में बीस बिस्तर का बना नया वार्ड

- **ईसीटी और टीडीसीएस की सुविधा भी मिलेगी, आरटीएमएस की सुविधा भी शीघ्र**
- **विशेषज्ञों ने आत्महत्या की रिपोर्टिंग में सावधानी बरतने को कहा**

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में मनोरोगियों के लिए बीस बिस्तर का पृथक वार्ड 2सी2 में प्रदान किया गया है। इसकी मदद से मनोचिकित्सा के लिए आने वाले रोगियों को चिकित्सकों की निगरानी में उपचार प्रदान करने में काफी मदद मिलेगी। नए वार्ड में ईसीटी और टीडीसीएस की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ ही आरटीएमएस की सुविधा भी शीघ्र ही उपलब्ध करवाई जा रही है।

नए वार्ड का उद्घाटन निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर और आस्ट्रेलिया स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न में प्रिंसिपल रिसर्च फैलो डॉ. ग्रेगरी आर्म्सट्रांग ने किया। प्रो. नागरकर ने नए वार्ड और नई सुविधाओं के लिए विभाग के चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि इससे रोगियों को अत्याधुनिक इलाज के साथ प्रदेश के मनोरोग संबंधी अनुसंधान को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने आशा प्रकट की कि नई सुविधाओं के बाद रोगियों को एक ही स्थान पर सभी मनोरोगों का इलाज उपलब्ध हो सकेगा।

पूर्व में उक्त वार्ड आयुष भवन में संचालित किया जा रहा था जिसे कोविड के दौरान बी ब्लॉक में स्थानांतरित कर दिया गया था। अब यह वार्ड अपने निर्धारित स्थान पर पूर्ण सुविधाओं के साथ संचालित किया जा सकेगा।

विभाग द्वारा 'प्रीवेंटिंग सुसाइड इन इंडिया बाई इंप्रूविंग मीडिया रिपोर्टिंग ऑफ सुसाइड' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें डॉ. आर्म्सस्ट्रांग ने आत्महत्या संबंधी मामलों की रिपोर्टिंग में विशेष सतर्कता बरतने का सुझाव देते हुए कहा कि प्रमुख व्यक्ति के आत्महत्या करने और इसके मीडिया और सोशल मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित या प्रसारित करने से कमजोर मानसिकता और अवसादग्रस्त रोगियों को आत्महत्या के लिए प्रेरणा मिलती है। शोध में यह तथ्य ज्ञात हुआ है कि प्रमुख व्यक्ति के आत्महत्या करने के बाद इंटरनेट पर आत्महत्या संबंधी सर्च अधिक की जाती है। ऐसे में इन घटनाओं को विशेष सतर्कता के साथ रिपोर्ट करने की आवश्यकता है। उन्होंने मनोरोगों के लिए समाज में सकरात्मक माहौल बनाने पर भी जोर दिया।

विभागाध्यक्ष डॉ. लोकेश सिंह का कहना था कि विभाग में हर वर्ष लगभग बीस हजार मनोरोगी उपचार के लिए आते हैं। गंभीर रोगियों को अब सीधे वार्ड में एडमिट कर उपचार प्रदान किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि अधिकांश रोगी नशे की लत की वजह से किसी न किसी मनोरोग से ग्रस्त हो जाते हैं जिनका इलाज किया जाता है। विभाग में प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को नशा रोगियों की चिकित्सा के लिए विशेष क्लिनिक आयोजित किया जाता है।

संतोषी प्लास्टिक संस्थान से बड़ी संख्या में सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त, फैक्ट्री सील

रायपुर/नवप्रदेश। एक जुलाई को सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगने के बाद भी संतोषी प्लास्टिक संस्थान इसका इस्तेमाल कर रहे थे, लिहाजा नियम के उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की गई है।

ग्राम सकरी स्तिथ इस संस्थान से जहां भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद की है। उसके बाद बिजली विभाग को फैक्ट्री को सील करने के साथ ही उक्त फैक्ट्री का बिजली कनेक्शन तुरंत काटने का आदेश दिया गया है।

सिंगल यूज पॉलीथिन को किया गया है प्रतिबंध

लगातार बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए शासन द्वारा सिंगल यूज पॉलीथिन को 1 जुलाई से प्रतिबंधित कर दिया है, बावजूद उसके बाहरी क्षेत्रों में भी कुछ व्यवसाय शासन के नियमों को दरकिनार करते हुए प्रतिबंधित पॉलिथीन का निर्माण कर रहे थे। जैसे ही इस मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को लगी तो उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए पोलूशन विभाग की टीम के साथ राजस्व विभाग की टीम ने छापामार कार्यवाही शुरू की।

इस दौरान कई दुकानों की जांच पड़ताल की, जिसके बाद अवैध रूप से शासन के निर्धारित मापदंड के विपरीत जाकर पॉलिथीन निर्माण संचालकों के बीच प्रथम की स्थिति बनी हुई है, तो वही तहसीलदार डॉ अंजलि के साथ-साथ तहसीलदार ज्योति ने स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि, शासन के निर्देश का पालन न करने वाले किसी भी फैक्ट्री संचालक अथवा दुकानदार को नहीं बख्शा जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के कारण जहां पर्यावरण का लगातार संतुलन बिगड़ता जा रहा है तो वहीं अनेक मवेशी भी इन पॉलिथीन में खाद्य पदार्थ की सुगंध होने के कारण इस पॉलिथीन को ही निगल रहे हैं। जिसके चलते अनेकों मवेशी अकाल मृत्यु के काल में समा रहे हैं।

शासन द्वारा लगातार आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाने के बाद भी संचालकों द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग पन्ना किए जाने के कारण शासन द्वारा जब्ती जैसी बड़ी कार्यवाही करने के साथ ही सीलबंद की कार्यवाही की जा रही है। राजधानी के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आरंग में भी कड़ी कार्यवाही करते हुए पॉलिथीन बरामद करने के साथ ही फैक्ट्री सील कर दी गई है।

व्यापारियों के बीच असमंजस की स्थिति

सिंगाजी सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बाद खाद्य सामग्री तथा अन्य सामग्री लाने ले जाने के लिए पॉलिथीन के उपरांत नॉन वूवन बैग्स ही व्यापारियों के पास संसाधन है केंद्र सरकार द्वार 60द्दद्वद्व से ऊपर नानू वे बैक इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई है। परंतु इस मसले पर राज्य शासन द्वारा किसी प्रकार का दिशानिर्देश ना दिए जाने के कारण व्यापारियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसी स्थिति में शासन प्रशासन द्वारा दिशा निर्देश जारी किया जाना चाहिए ताकि व्यापारियों के बीच असमंजस की स्थिति दूर होने के साथ ही शासन की गाइडलाइन का पालन कर सकें।

अन्य सामान पर भी होगी जब्ती की कार्यवाही

पर्यावरण को सहेजने के लिए केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक लगातार कारगर कदम उठा रहे हैं। बावजूद उसके कुछ व्यवसाय निजी लाभ के चलते गुणवत्ता की प्लास्टिक के साथ-साथ प्लास्टिक से बनी अन्य सामग्रियों तथा खिलौनों की बिक्री कर रहे हैं। आम जनता के स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल रही है। ऐसी स्थिति में पॉलिथीन के साथ-साथ गुणवत्ता ही प्लास्टिक सामग्री पर भी कार्यवाही किए जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है, ताकि पर्यावरण को संतुलित किया जा सके।

अजीत जोगी युवा मोर्चा ने घेरा सीएमएचओ कार्यालय

- **आखिर हम जाए तो जाए कहां, कोरोना में अपनी जान जोखिम में डालकर किया काम, अब तरस रहे नौकरी के लिए**

रायपुर/नवप्रदेश। भयंकर कोविड काल में अपने घर परिवार से दूर रहकर अपनी जान की बाजी लगाकर कोरोना मरीज़ों की रात और दिन सेवा करने वाले लगभग स्टाफ नर्सों को स्वास्थ्य विभाग ने निकाल दिया गया है जबकि उन्हें बकायदा नियुक्ति प्रदान की गई थी और आने वाले समय में स्थायी नौकरी देने का आश्वासन दिया गया था लेकिन जैसे ही कोविड के मामले कम हुए सरकार उनके साथ यूज़ एंड थ्रो की पॉलिसी अपनाते हुए उनको सेवा मुक्त कर दिया गया है। जिससे दुखी और नाराज होकर आज स्टॉफ नर्सों ने अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ ऑफिस का घेराव कर स्टॉफ नर्सों को सेवा में बहाल करने का मांग किया। इस दौरान अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाओं के आंसू छलक पड़े और उन्होंने कहा इस सरकार का हम बुरे वक्त में काम आए लेकिन जब हमें रोजगार देने की बात आई तो वह हमारे साथ अन्याय कर रही है। इस दौरान विरोध प्रदर्शन नेतृत्वकर्ता अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा जिन लोगों ने शासन की सेवा में अपनी जान की बाजी लगाकर विपरीत परिस्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ खड़े थे। सरकार ने उनको ही काम से निकाल दिया और उनको सरकार के सामने दोनों हाथ फैला कर काम मांगना पड़ रहा है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। सरकार स्टॉफ नर्सों के साथ विश्वासघात कर रही है जबकि सरकार को ऐसे स्टाफ नर्सों का सम्मान करते हुए हर हाथ में काम देना चाहिए। यदि स्टॉफ नर्सों की शीघ्र बहाली नहीं की गई तो जोगी कांग्रेस आंदोलन करेगा।

अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव नजीब अशरफ़ ने कहा कि कोरोना टीकाकरण केंद्रों व अस्पताल में पदस्थ समस्त स्टाफ नर्सों को एनबीएसयु में पदस्थ किया जाना है। किंतु आज दिनांक तक हमे किसी भी प्रकार का कोई नियुक्ति एवम आदेश प्राप्त नही हुआ हम सभी को एकम फाउंडेशन द्वारा एन एच् एम के पत्र के हवाले से हम सभी को निकाल दिया गया।

डॉ. रमन स्वयं को भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बताते हैं पर उन्हें मानता कोई नहीं : देवेंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं विधायक देवेन्द्र यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, जिसे उनके संगठन वाले राष्ट्रीय नेता नहीं मानते। प्रदेश में पहले ही रमन सिंह नकारे जा चुके हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस संगठन के द्वार हिमाचल प्रदेश के सीनियर आब्जर्वर बनाये जाने से डॉ. रमन सिंह को पीड़ा होना स्वाभाविक है। क्योंकि भाजपा अब रमन सिंह का कोई हालचाल नहीं पूछता जिम्मेदारी देना दूर की बात है। प्रवक्ता यादव ने कहा कि रमन सिंह 2018 का विधानसभा चुनाव में करारी हार भूल गए, उनका चेहरा और 15 सीटों में सिमट चुकी भाजपा का हश्र भूल चुके हैं। मरवाही का उप चुनाव में हार भूल चुके हैं, दंतेवाड़ा का उप चुनाव में हार भूल चुके हैं, खैरागढ़ का उप चुनाव में हार भूल चुके हैं। नगरीय निकायों की करारी हार और भाजपा का शर्मनाक प्रदर्शन भूल चुके हैं। इन सभी चुनावों में कांग्रेस का चेहरा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे, इन सभी चुनाव में भाजपा का चेहरा डॉ. रमन सिंह थे और हश्र सबके सामने हैं।

मेयर के निर्देश पर 4 ट्रैक्टर ट्राली कचरा उठाया

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के निर्देशानुसार वार्डो में आयोजित मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम के तहत पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 8 के तहत आने वाले बीएसयूपी कचना आवासीय परिसर में जोन व वार्ड से 15 सफाई मित्रों का विशेष टीम भेजकर जोन 9 के जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता हरेन्द्र कुमार साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सहायक अभियंता प्रवीण साहू, स्वच्छता पर्यवेक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में अभियान पूर्वक सफाई करवाकर बीएसयूपी कचना आवासीय परिसर की नालियों एवं गलियों से लगभग 4 ट्रैक्टर ट्राली कचरा उठवाकर तत्काल परिवहन करवाकर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु स्वच्छता कायम की गई एवं महापौर के निर्देश पर सफाई के संबंध में प्राप्त रहवासियों की षिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया।

एमआईसी की बैठक आज शाम 5 बजे होगी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार नगर निगम सचिवालय द्वारा नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल पर स्थित सभाकक्ष में आज संध्या 5 बजे आहूत की गयी है। उक्त जानकारी नगर निगम रायपुर के सचिव डॉक्टर आरके डोंगरे ने दी है।

मिला प्रतिबंधित पॉलीथिन, दो दुकानों पर 4500 रुपए का निगम ने लगाया जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त मयंक चतुर्वेदी एवं स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर के क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरूद्ध समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अभियान निरन्तर प्रगति पर है। इसी क्रम में बुधवार को जोन क्रमांक 4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन कमिश्नर विनय मिश्रा के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मण्डल की टीम के साथ मिलकर जोन क्रमांक 4 के तहत आने वाले मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्रमांक 46 के अंतर्गत आने वाले शास्त्री बाजार बांसटाल में दो दुकानों बागवानी गार्डन शॉप एवं राजू कृषि केन्द्र में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर संबंधित दुकानों में तत्काल प्रतिबंधित पॉलीथिन की जब्ती कर जोन 4 के जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने बागवानी गार्डन शॉप पर 3000 रूपये एवं राजू कृषि केन्द्र से 1500 रूपये दो दुकानों से संचालकों को भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी देते हुए 4500 रूपये का जुर्माना करने की कार्यवाही की।

भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2021 और 2022 के लिए ''ऑनलाइन'' माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए वर्ष 2021 और वर्ष 2022 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए अलग-अलग आवेदन/नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो कि केवल गृह मंत्रालय के केंद्रीयकृत पोर्टल (www.awards.gov.in) पर ऑनलाइन मोड के माध्यम से 15 जुलाई, 2022 से 28 अगस्त, 2022 भरे जा सकते हैं। इन राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए फिजिकल रूप में आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नामांकन में उपर्युक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में विनिर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण होना चाहिए, जिसमें विवरणात्मक रूप से स्पष्ट रूप से उल्लेखनीय और प्रेरणादायक उपलब्धियों को सामने लाना शामिल है।

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए सरलीकृत और युक्तिसंगत दिशा निर्देशों में विभाग की वेबसाइट (www.disabilityaffairs.gov.in) के साथ-साथ पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे उपलब्ध हैं।

पुरस्कार की प्रत्येक श्रेणी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार और पात्रता निम्नानुसार है :

I) व्यक्तिगत उत्कृष्ठता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

क्र.सं.	पुरस्कार और पात्रता की श्रेणी	पुरस्कारों की संख्या
1.	सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन (किसी भी क्षेत्र या गतिविधि से संबंधित अर्थात शिक्षा/ स्वास्थ्य/ रोजगार/कला और संस्कृति/ खेल / रचनात्मक कार्य/ दिव्यांगजन सशक्तिकरण/ सामाजिक सेवा/ आदि- एक रोड मॉडल)- आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम के तहत 21 विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं में से किसी एक दिव्यांगता से ग्रस्त सभी दिव्यांगजनों के लिए खुला।	06 (पुरुषों के लिए 03 और महिलाओं के लिए 03) पुरस्कार का नगद घटक : प्रत्येक को 2.00 लाख रुपये
2.	i) श्रेष्ठ दिव्यांगजन (श्रेष्ठ दिव्यांगजन) क. लोकोमोटर दिव्यांगता- (लोकोमोटर, मस्कुलर, डिस्ट्रोफी दिव्यांगता, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, कुष्ठ रोग उपचारित, सेरेब्रल पाल्सी) ख. दृष्टि बाधिता- (अंधापन, कम दृष्टि) ग. श्रवण बाधिता- (बधिर, कम सुनने वाला, वाक् और भाषा दिव्यांगता) घ. बौद्धिक दिव्यांगता- (मानसिक मंदता, मानसिक व्यवहार, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार) ड. ऊपर क्र.सं. (क) से (घ) तक वर्णित दिव्यांगताओं को छोड़कर कोई भी विनिर्दिष्ट दिव्यांगता (विकासात्म्क विकार, रक्त विकार, हीमोफिलिया, थैलेसीमिया सिक्कल सेल रोग, क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल स्थितियां, मल्टीपल स्केलेरोसिस, पार्किसंस रोग, बहु दिव्यांगता के कारण होने वाली दिव्यांगता) तथापि, यदि इनमें से किसी एक या अधिक उप-श्रेणियों में उपयुक्त व्यक्ति नहीं पाया जाता है, तो पुरस्कार अन्य उप-श्रेणियों में अतिरिक्त व्यक्तियों को दिए जा सकते हैं। (रोजगार/ स्व-रोजगार, स्वास्थ्य/ खेल, कला, संस्कृति ड्राइंग, पेंटिंग, संगीत, या किसी अन्य प्रकार के रचनात्मक कार्य, दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में)	10 (पांच श्रेणियों (क) के (ड.) में से प्रत्येक में पुरूषों के लिए 1 और महिलाओं के लिए 1) पुरस्कार का नकद घटक : 1.00 लाख रुपये
	ii) श्रेष्ठ दिव्यांग बाल/ बालिका (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम के तहत विनिर्दिष्ट दिव्यांगता की किसी भी श्रेणी में)- (कला और संस्कृति ड्राइंग, पेंटिंग, संगीत या किसी अन्य प्रकार के रचनात्मक कार्य आदि के क्षेत्र में) 18 वर्ष की आयु तक के दिव्यांग बच्चे।	2 (पुरूषों के लिए 1 और महिलाओं के लिए 1) (18 वर्ष की आयु तक) पुरस्कार का नकद घटक : 1.00 लाख रुपये
3.	दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति	1 पुरस्कार रु. 1.00 लाख
4.	दिव्यांगता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास पेशेवर	1 पुरस्कार रु. 1.00 लाख
5.	दिव्यांगता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अनुसन्धान/ नवप्रवर्तन/ उत्पाद विकास	1 पुरस्कार रु. 1.00 लाख

II) दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत संस्थानों हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार

क्र.सं.	पुरस्कार और पात्रता की श्रेणी	पुरस्कारों की संख्या
1.	दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु सर्वश्रेष्ठ संस्थान (निजी संगठन, गैर सरकारी संगठन)	1 व्यापक पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के लिए पुरस्कार 1 समाजसेवी शिक्षा के लिए पुरस्कार (समावेशी शिक्षा प्रदान करने वाले या प्रचार करने वाले संस्थान)
2.	दिव्यांगजनों के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता (सरकारी संगठन/ पीएसई/ स्वायत्त निकाय/ निजी क्षेत्र)	1 पुरस्कार
3.	दिव्यांगजनों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट एजेंसी सरकार/ राज्य सरकार/ स्थानीय निकायों को छोड़कर	1 पुरस्कार
4.	सुगम्य भारत अभियान का कार्यान्वयन/ बाधामुक्त वातावरण के सृजन में सर्वश्रेष्ठ राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र/ जिला	1 पुरस्कार
5.	सर्वश्रेष्ठ सुगम्य यातायात के साधन/ सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (सरकारी/ निजी संगठन)	1 पुरस्कार
6.	दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम/ विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण की अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र/ जिला	1 पुरस्कार राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र के लिए और 1 पुरस्कार जिले के लिए
7.	दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अपने राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र में कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य दिव्यांगजन आयुक्त	1 पुरस्कार
8.	पुनर्वास सेवाओं हेतु पेशेवर तैयार करने वाले सर्वश्रेष्ठ संस्थान	1 पुरस्कार

सीबीसी-38117/11/0022/2223

■ न्यूज गैलरी

गुरु पूर्णिमा पर्व पर मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, स्कूल-कॉलेजों में सम्मानित किए गए शिक्षक-शिक्षिकाएं

दुर्ग (नव प्रदेश)। गुरु पूर्णिमा का पर्व बुधवार को शहर में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जहां मंदिरों में अपने आराध्य देव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा,वहीं स्कूल-कॉलेजों में शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान कर छात्र-छात्राओं ने आशीर्वाद लिया। विभिन्न सामाजिक,धार्मिक व राजनीतिक संगठनों ने भी गुरु-शिष्य की परंपरा का निर्वहन करते हुए स्कूल-कॉलेजों में पहुंचकर गुरुजनों का सम्मान किया और राष्ट्र निर्माण में गुरुजनों के योगदान की सराहना की। इस कड़ी में श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाला में गुरुदेव सोहनलाल बापजी के महोत्सव में दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे। यह गुरु पुर्णिमा महोत्सव भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में मनाया गया। महोत्सव में भजनों की धुन में श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर गुरुदेव की प्रति अपनी आस्था व भक्ति प्रकट की। इस अवसर पर श्री रामदेव बाबा दरबार के प्रमुख रमेश कुमार जैन,पायल जैन, मनीष जैन ,संतोष राजपुरोहित, महावीर जैन ,गौरव बजाज ,राहुल शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इसी प्रकार कसारीडीह सिविललाइन स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।दिनभर मंदिर मं भजन-कीर्तन की गूंज गुंजमान रही। जिसके धुन में श्रद्धालू मंत्रमुग्ध रहे। इस अवसर पर श्री साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल के अलावा अन्य पदाधिकारी व सदस्य व्यवस्था बनाने में सक्रिय रहे।

विधायक की पहल से बनेगा बैडमिंटन कोर्ट

भिलाई (नव प्रदेश)। सेक्टर 10 भिलाई में आज भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां भिलाई नगर विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड वासियों के साथ मिलकर 10 लाख की लागत से बनने वाले बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के बाद गायक देवेंद्र यादव वार्ड वासियों के साथ बैठकर वार्ड की समस्याओं पर लंबी व सार्थक चर्चा की और वार्ड वासियों की समस्याएं भी सुनी इस दौरान वार्ड वासियों ने क्षेत्र में बोर खनन करने की मांग की जिस पर गृह नगर विधायक देवेंद्र यादव ना तत्काल बोर खनन करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया और आश्वासन दिया कि जल्द ही बोर खनन कर दिया जाएगा इस दौरान विनय नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि सेक्टर एरिया में पहले कुछ विकास कार्य नहीं होता था 4 - 5 साल पहले यहां निगम व राज्य शासन द्वारा भी कुछ काम नहीं किया जाता था लेकिन चार-पांच साल में हमने वर्क कल्चर शुरू किया। हम लोग बैडमिंटन को गार्डन सड़क पेवर ब्लॉक सफाई आदि सभी काम यहाँ करवा है है। राज्य शासन निगम प्रशासन सभी के नेतृत्व में और महापौर था। अभी भी बहुत से काम है जिसमें हमको बीएसपी के सहयोग मिलता है और बहुत से में बीएसपी के सहयोग नहीं मिल पाता।

अवैध शराब बेचते एक आरोपी गिरफ्तार

कुम्हारी (नव प्रदेश)। मुखबिर की सूचना पर देवभोग दुग्ध डेयरी उरला रोड के पास अवैध शराब बेचते हुए ग्राम कुगदा निवासी तामरज साहू पिता आजूराम साहू (50 वर्ष) को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक बोरी में रखे 52 पौव्वा देसी मसाला शराब कीमत 5720 एवं शराब बिक्री रकम 2000 रुपए नगद भी जप्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी पर आबकारी एक्ट 34(2) के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी पी डी चंद्रा सहित पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

निगम आयुक्त ने दल का किया गठन, नोडल अधिकारी की भी की नियुक्ति

प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कड़ाई से कार्रवाई करेगी निगम प्रशासन

■ आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए भी भिलाई की टीम रहेगी तैयार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन कर दिया है तथा नोडल अधिकारी भी उन्होंने नियुक्ति कर दिया है। टीम में 15 अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया है जिसके नोडल अधिकारी अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं सहायक नोडल अधिकारी उपायुक्त रामाकांत साहू होंगे। नोडल अधिकारी ने इस संबंध में अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक ली और बैठक में प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए इसके साथ ही रोका छेका संकल्प अभियान के तहत आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए भी दल का गठन किया गया है इस दल में भी 15 अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया है। दल नियमित रूप से आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई करेगी। इसका आदेश भी निगमायुक्त ने जारी कर दिया है। प्रतिबंधित प्लास्टिक पर लगाम लगाने के लिए गठित दल के साथ तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी एवं दल के कर्मचारी तथा सुरक्षा गार्ड भी होंगे जो करवाई के लिए टीम को सहयोग प्रदान करेंगे। प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई के लिए गठित टीम में परमेश्वर चंद्राकर, कमलेश द्विवेदी, जगदीश तिवारी, अनिल मिश्रा, अंजनी सिंह, मलखान सिंह सोरी, सुदामा परघनिया, वीरेंद्र बंजारे, बालकृष्ण नायडू, महेश कुमार पांडे, अनिल मिश्रा, वीके सैमुअल एवं हेमंत मांझी सम्मिलित है। उल्लेखनीय है कि 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक को बनाने आयात, निर्यात और बिक्री पर पूरी तरीके से पाबंदी लगा दी गई है। भिलाई शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 प्रकार के आइटम की पूरी तरीके से पाबंदी होने के बाद निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर निगम का अमला कई स्थानों पर छापे मार करवाई कर रहा है। 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक के कई सारे प्रोडक्ट पर पाबंदी लगने के बाद से नगर पालिक निगम भिलाई सतर्क हो गया था और इस पर कार्रवाई करने से पूर्व व्यापारियों, व्यवसायियों, दुकानदारों, विक्रेताओं एवं क्रेताओं को सूचना दी जा रही है। प्लास्टिक स्टिक युक्त इयरबड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डांडिया, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडीया, थर्माकोल की सजावटी सामग्री, प्लास्टिक के प्लेट, कप, गिलास, काटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे जैसे कटलरी मिठाई के डिब्बों के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फि ल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट का पैकेट, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर, स्टायरस इसके साथ ही प्लास्टिक कैरी बैग, अल्प-जीवन पीवीसी एवं क्लोरीन युक्त प्लास्टिक अर्थात विज्ञापन एवं प्रचार-प्रसार सामग्री जैसे पीवीसी के बैनर फ्लेक्स, होर्डिंग, फ ोमबोर्ड का विनिर्माण, भंडारण, आयात, विक्रय, परिवहन एवं उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आयुक्त ने तेजी लाने दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने सुबह प्रातः 6 बजे जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत जवाहर नगर का दौरा किया उन्होंने यहां पर आईएचएसडीपी कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान एक स्थान पर खाली भवन में अवैध रूप से सामग्री रखी गई थी जिसे निगमायुक्त ने हटाने के निर्देश दिए। वही पूरी कॉलोनी का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होंने डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम की गतिविधियां देखी तथा टेमीफास् वितरण की जानकारी ली। सुपरवाइजर सुक्रित दास इस पर ठीक तरीके से जवाब नहीं दे पाए, जिस पर निगमायुक्त ने सुपरवाइजर को फटकार लगाई और शीघ्र अति शीघ्र टेमीफ ास् का वितरण संपूर्ण घरों में कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। वही सुपरवाइजर का 5 दिनों का वेतन की कटौती की जाएगी तथा नोटिस भी जारी किया जाएगा। जलभराव की स्थिति का भी मुआयना जवाहर नगर में निगमायुक्त ने किया, खाली प्लाट में पानी जमा उन्होंने पाया तथा पानी निकासी की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई को लेकर जवाहर नगर आवासीय कॉलोनी का भी निरीक्षण किया। मुख्य सड़क के किनारे ठेला लगाकर नाश्ता का व्यवसाय करने वाले को कचरा डस्टबिन में डालने की हिदायत आयुक्त ने दी और नियमित रूप से अपने ठेले के आसपास सफ ाई रखने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त सुबह सुपेला के लक्ष्मी मार्केट पहुंचे, मटन मार्केट के ठीक सामने मुख्य सड़क के किनारे कचरे को व्यवस्थित तरीके से डालने पर उन्होंने वहां के स्थानीय व्यवसायियों से चर्चा की, उन्होंने कहा कि सफाई हम सबकी जिम्मेदारी है, व्यवस्थित तरीके से कचरा रखने पर सफाई कर्मचारी इसे आसानी से उठा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड एवं पूजा पिल्ले, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, प्रभारी सहायक अभियंता अरविंद शर्मा, प्रभारी उप अभियंता बसंत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा मौजूद रहे।

शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए विद्युत जोन के अधिकारी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में विद्युत जोन में दिनांक 12 जुलाई 2022 आयोजित शिरोमणि पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में विद्युत जोन में अति उत्तम कार्य प्रदर्शन के लिए प्रबंधक सोमनाथ भट्टाचार्य को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं इसी क्रम में चार्जमेन कम वरिष्ठ तकनीशियन , हर्षवर्धन वझे, मास्टर ओसीटी (पावर सिस्टम), श्री केदार राम साहू, चार्जमेन कम वरिष्ठ तकनीशियन (सीआरएमई), मंगल मूर्ति साबरे एवं मास्टर (ओसीटी) दुष्यन्त कुमार चन्द्राकर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं को सम्मान के रूप में प्रवीणता प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह और जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक पी के सरकार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। महाप्रबंधक प्रभारी अर्जुनन शंकर एवं विभिन्न विभागों के सभी अनुभाग प्रमुख ने पुरस्कार विजेताओं के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को सराहा। इस कार्यक्रम का संचालन कार्मिक-शक्ति एवं विद्युत विभाग द्वारा किया गया। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर समारोह के दौरान पुरस्कारों के संचालन और वितरण में सामाजिक दूरी के मानदंडों का पालन किया गया।

वर्ल्ड बैंक की टीम ने किया विद्यालय का निरीक्षण

कुम्हारी (नव प्रदेश)। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में बुधवार को वर्ल्ड बैंक दल का आगमन विद्यालय निरीक्षण के लिए हुआ 7 दल में 5 सदस्य शामिल थे जिन्होंने विद्यालय के अध्यापन कक्ष, पुस्तकालय, प्रयोगशाला एटीएल लेब, स्वच्छता बागवानी आदि का विधिवत निरीक्षण किया , जिसमें राज्य के अधिकारी एवं सेजस के प्रभारी भारद्वाज जी(उपसंचालक डीपीआई), जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जयसवाल (डीइओ दुर्ग), सहायक संचालक अमित घोष, नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर , एसएमडीसी के अध्यक्ष मनहरण यादव , महेश सोनकर पार्षद वार्ड क्रमांक 2, राम कुमार सोनी सांसद प्रतिनिधि, प्रेस क्लब कुम्हारी के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर भी निरीक्षण में शामिल थे। निरीक्षण के दौरान सभी सदस्यगण हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के बच्चों से मिले।

हितग्राहियों के हित में निर्णय, सॉफ्टवेयर में संशोधन कराने रिसाली निगम लिखेगा पत्र

नव प्रदेश संवाददादता

एमआईसी सोनिया देवांगन की अध्यक्षता में निर्णय लिया गया

रिसाली। राशनकार्ड पर पोस्टल एड्रेस नए वार्ड के हिसाब से दर्ज करने नगर पालिक निगम जल्द ही सूडा को पत्र लिखेगा। दरअसल सॉफ्टवेयर में नए वार्ड क्रमांक दर्ज नहीं होने से राशनकार्ड में पता पुराने वार्ड के हिसाब से आ रहा है। यह निर्णय बुधवार को खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग प्रभारी सोनिया देवांगन की अध्यक्षता में हुई सलाहकार समिति की बैठक में लिया गया।

सलाहकार समिति के सदस्यों का कहना था कि नवगठित रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र के राशन कार्ड धारियों का पता स्पष्ट नहीं है। आज भी कार्ड में पता भिलाई नगर पालिक निगम के समय से चले आ रहे वार्ड क्र. दर्ज है। जबकि यहां नए सिरे से परिसीमन कर वार्ड बनाया गया है। कि निगम का खाद्य विभाग इस त्रुटि को सुधारने सूडा रायपुर को पत्र लिखे, ताकि सॉफ्टवेयर में परिसीमन के बाद नए 40 वार्ड का नाम दर्ज किया जाए। बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य रंजीता बेनुआ, विनय नेताम, हरीश नायक, अनिल कुमार, पार्वती महानंद व राशनकार्ड प्रभारी जगरनाथ कुशवाहा उपस्थित थे।

वितरण व्यवस्था में सुधार

राशनकार्ड बनाने के बाद वितरण व्यवस्था को दुरस्त करने सलाहकार समिति के सद्स्यों ने जोर दिया। पार्षद सद्स्यों का कहना था कि कई बार जानकारी के अभाव में हितग्राही भटकते है। कार्ड बनने के बाद निगम के कर्मचारी सीधे हितग्राही सद्स्यों को दे या फिर कार्ड को समय पर पार्षद के माध्यम से वितरण कराया जाए। इस व्यवस्था को शीघ्र लागू करने प्रभारी ने निर्देश दिए।

भवन बनाने शासन को लिखा जाएगा पत्र

रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 29 शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित है। इसमे लगभग 20 लोगों के पास स्वयं का भवन है। शेष के पास पीडीएस भवन का अभाव है। सलाहकार समिति के सद्स्यों ने निर्णय लिया कि निगम प्रशासन नए पीडीएस भवन निर्माण के लिए शासन को पत्र लिखे।

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202206100900075/202206100900075
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

गुजरा प.ह.न. 00035 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / हसेन्द्र झा अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम गुजरा प.ह.नं. 35 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हसेन्द्र झा पिता दुर्गाननंद झा उर्फ मंगलूमूरत निवासी कैलाश नगर तितुरडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा गुजरा प.ह.नं. 35 स्थित अपने नाम दर्ज भूमि ख.नं. 383/5, 550, 747 रकबा क्रमशः 1.23, 0.31, 0.86, हे. का इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 171 ब/121 वर्ष 2010-11 में पारित बंटवारा नामा के आधार पर ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक हसेन्द्र झा पिता दुर्गानंनद झा उर्फ मंगलूमूरत द्वारा खाता विभाजन से उपरोक्त दर्शित भूमि खाता विभाजन किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 25/7/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/07/2022 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	रश्मि वर्मा	202207100400023

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रश्मि वर्मा आ स्व. रविशचंदग मसीह निवासी दयानगर रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	619/54	0.010 हें 1250 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत सूचना

मा.क्र./202206100700132/अ-06/वर्ष 2020-21

प्रति, 1. श्रीमती रामबती बाई बेवा बिसरम साकिन परसराम आटा चक्की के पास तितुरडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग।

विषय- क्रय/विक्रय शुदा भूमि का नामांतरण बाबत्।

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम तितुरडीह प.ह.न 20/52 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 54/67 का टुकड़ा रकबा 312 वर्गफीट भूमि को पंजीकृत विक्रय दिनांक ...... के द्वारा आवेदक के पास विक्रय किया गया है। आवेदक क्रेता चरणदास बिहारे वर्ग आ. दादूलाल बिहारे के द्वारा उक्त भूमि को राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है। प्रकरण सुनवाई हेतु दिनांक 26/7/22 को नियत है। अतः आप नियत सुनवाई दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा पेश कर सकते है। बाद में आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 12/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्रीमती प्रभा वर्मा	202207100400009

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती प्रभा वर्मा पति श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा निवासी 15/ए जी मरोदा सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	634/23	0.014 हें 1525 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्रमांक /.../....2020-21

ईश्तहार

एत्द द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश देशमुख साकिन बघेरा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा अपने परदादी बिसवन्तीन पति स्व. मनिहार की मृत्यु दिनांक 20/5/1978 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह दिनांक 20/7/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

आज दिनांक दिनांक 06/07/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र-199//अ-20(1)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक दीपक कुमार नायक आ. रमेश नायक निवासी वार्ड नं. 19 कैलाश नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 88 डी प्लाट नं. 60/1 क्षेत्रफल 72 वर्गमीटर भूमि धारक जयसिंह आ. तीरथ सिंह मो. तितुरडीह के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 31/3/22 द्वारा आवेदक को विक्रय किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन क्रय शुदा भूखण्ड से धारक का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 18/7/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202207101200025/अ-06/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीराम पिता स्व.जीवराखन निवासी अछोटी मौजा अछोटी प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 501 रकबा 0.5500 हे. को खाता विभाजन कर अलग अलग ऋण पुस्तिका प्रदान करने हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 19/7/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश साकेत ध्रुव पिता के.एल.ध्रुव निवासी ग्राम मैत्रीनगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 113/15 का टुकड़ा रकबा 1480 वर्गफीट भूमि को विक्रेता बिमल कुमार राजगढ़िया पिता नंदलाल राजगढ़िया निवासी ग्राम बांधा तालाब दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 23/3/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 8/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सन्नी जैन पिता शयरचंद जैन निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 15000/1 का टुकड़ा रकबा 1248 वर्गफीट भूमि को विक्रेता पार्टनर विश्वास गुप्ता पिता स्व. अशोक गुप्ता निवासी ग्राम पोटिया रोड बोरसी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27/6/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 8/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अविनाश मिश्रा पिता विनोद कुमार मिश्रा निवासी ग्राम भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 369/25, 372/3, 369/26, 377/4 का टुकड़ा रकबा 0.013हे. 13379 वर्गफीट भूमि को विक्रेता पार्टनर विश्वास गुप्ता पिता स्व. अशोक गुप्ता निवासी ग्राम पोटिया रोड बोरसी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07/09/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 8/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अविनाश मिश्रा पिता विनोद कुमार मिश्रा निवासी ग्राम भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 369/25, 372/3, 369/26, 377/4 का टुकड़ा रकबा 0.013 हे. भूमि को विक्रेता पार्टनर विश्वास गुप्ता पिता स्व. अशोक गुप्ता निवासी ग्राम पोटिया रोड बोरसी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07/09/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 8/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रूखमणी साहू पति ओम प्रकाश साहू निवासी ग्राम परसदा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 368/66 का टुकड़ा रकबा 2000 वर्गफीट भूमि को विक्रेता सुभाष कुशवाहा पिता तेजपाल सिंह कुशवाहा निवासी ग्राम स्मृति नगर भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27/12/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 8/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला

मामले की श्रेणी-राजस्व

क्रमांकः सीजी 5124904072022019

डुंडेरा प.ह.न. 00057 हे.

ईश्तहार

तह. दुर्ग के प.ह.नं. 00057 के अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के भूमिस्वामी केजा बाई पिता/पति हीरालाल पता मकान नं. 227 शिव चौक डुंडेरा तह व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नं. 127 (0.0204) में नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/7/22 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायानय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि के पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/7/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला

मामले की श्रेणी-राजस्व

क्रमांकः सीजी 5124909062022003

दुर्ग प.ह.न. 00024 हे.

ईश्तहार

तह. दुर्ग के प.ह.नं. 00057 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के भूमिस्वामी आशा देवी पिता/पति स्व. मेहत्तरू राम पता केलाबाड़ी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, चन्द्रश नेताम पिता/पति स्व. यादव राम पता ग्राम आवराभाठा वार्ड नं 09 दंतेवाड़ा, नरेन्द्र नेताम पिता/पति स्व. यादव राम पता ग्राम माहुद तह. गुण्डरदेही जिला बालोद, महेन्द्र नेताम पिता/पति स्व. यादव राम पता ग्राम माहुद तह. गुण्डरदेही जिला बालोद, सुरेन्द्र नेताम पिता/पति स्व. यादव राम पता ग्राम लाटाबोड़ तह. व जिला बालोद के द्वारा धारित भूमि खसरा नं. 554/6 (0.0046) में नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/7/22 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायानय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि के पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/7/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका बिरझा बाई अन्य-3 पिता/पति रोहित कुमार गायकवाड़ निवासी जालबांधा तहसील खैरागढ़ व जिला राजनांदगांव द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया है कि उनके पति के नाम पर ग्राम ढाबा प.ह.नं.1 तह. व जिला दुर्ग में स्थिति भूमि खसरा नं. 535, 536, 538/2, 996, 999, 1000/1, 1096/2 रकबा 0.07, 0.24, 0.06, 0.11, 0.11, 0.04, 004 कुल 0.67 हे. भूमि एकलखाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/सहखातेदार रोहित कुमार की मृत्यु दिनांक 30/6/19 को हो जाने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका बिरझा बाई अन्य-3 पिता/पति रोहित कुमार गायकवाड़ निवासी जालबांधा तहसील खैरागढ़ व जिला राजनांदगांव द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया है कि कुंजन बाई के नाम पर ग्राम ढाबा प.ह.नं.1 तह. व जिला दुर्ग में स्थिति भूमि खसरा नं. 11/4, 647, 865, 866 रकबा 0.2400, 0.0600, 0.0400, 0.0600 हे. भूमि एकलखाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/सहखातेदार कुंजन बाई की मृत्यु दिनांक 21/12/2022 को हो जाने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

शहीदों की गौरव गाथाएं पीढ़ियों को देशभक्ति का बड़ा संदेश दे रही : विधायक साहू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक वीके चौबे सहित 29 वीर जवानों के शहादत को नमन करते हुए उनकी शहादत दिवस पर खुज्जी विधायक छन्नी साहू ने रक्षित आरक्षी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। जिला मुख्यालय पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने शहीदों के स्मारक एवं मंगल भवन में वीर सपूतों की तस्वीरों पर फूल चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां शहीद परिवार के उपस्थित सदस्यों को शॉल, श्रीफल, मोमेन्टो भेंट किया। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद विधायक ने कहा, पुलिस अधीक्षक विनोद चौबे और उनके साथ 28 जवानों की शहादत याद कर आज भी आखें भर जाती हैं। हिंसात्मक विचारधारा ने न जाने कितनी कोखें उजाड़ी हैं और कितनी ही बहनों का सुहाग छीना है। जब ये परिवार सामने आते हैं तो हमें हमारी जिम्मेदारी का और भी ज्यादा एहसास होता है।

एएएफटी ने वन महोत्सव मनाया

खरोरा/नवप्रदेश। प्रकृति का प्राथमिक रंग और इसकी सुंदरता का स्रोत हरा है। यह हरा पेड़-पौधों से आता है। नियमित वृक्षारोपण के आदर्श वाक्य के साथ एएएफ टी विश्वविद्यालय ने मंगलवार को रायपुर के डीएफओ श्ररमेश चंद्र दुग्गा के साथ-साथ विश्वविद्यालय के अधिकारियों और छात्रों की भागीदारी के साथ वनमोहोत्सव मनाया। एएएफटी विश्वविद्यालय की निदेशक डॉ. शिखा वर्मा कश्यप और डीन संतोष स्वर्णकार ने संकाय सदस्यों के साथ वन महोत्सव उत्सव के उद्घाटन के लिए एक वृक्षारोपण पहल में भाग लिया। श्री दुग्गा ने वन महोत्सव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, एक पेड़ लगाने के बाद एक अच्छा उत्सव मनाने का एकमात्र तरीका यह है कि इसे एक बच्चे के रूप में माना जाए। भविष्य में ऑक्सीजन की कमी और औषधीय जड़ी बूटियों की कमी जैसे संभावित मुद्दों की प्रत्याशा में अधिक पेड़ लगाए जाने चाहिए। डीएफओ ने अपने परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रों ने नारा लेखन, वाद-विवाद, पोस्टर डिजाइन और नुक्कड़ नाटक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश चंद्र दुग्गा, डीएफओ रायपुर द्वारा विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई।

लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं निष्ठा के साथ कार्य करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी : कलेक्टर

- बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप जो सोच रहे हैं, वह बन सकते हैं
- छात्राओं ने उत्साह एवं खुशी से अपने कैरियर की बातें की साझा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर डोमन सिंह ने जिले में शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से नई पहल की है। इसी कड़ी में उन्होंने शासकीय पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में कक्षा बारहवीं के बच्चों को शिक्षक बनकर कॉमर्स विषय पढ़ाया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि कोई भी विषय छोटा या बड़ा नहीं है। हर विषय महत्वपूर्ण है। अपने विषय में अच्छी मेहनत करें और सफलता अर्जित करें। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप जो सोच रहे हैं, वह बन सकते हैं। लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं निष्ठा के साथ कार्य करेंगे, तो सफलता जरूरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि कॉमर्स उनका विषय रहा है और इस विषय में कैरियर के अच्छे अवसर हैं। छात्राओं ने उत्साह एवं खुशी से अपने कैरियर की बातें कलेक्टर से साझा की। किसी ने कहा कि चार्टर्ड एकाउन्टेंट बनना है, तो किसी ने कहा बैंक मैनेजर, एकाउंट ऑफि सर, कैशियर तो किसी ने शिक्षक एवं पुलिस में जाने की इच्छा जाहिर की। कलेक्टर ने कहा कि यह आपके जीवन का

महत्वपूर्ण मोड़ है। समाचार पत्र जरूर पढ़ें और इसे अपनी आदत में शामिल करें। अपनी पढ़ाई का समय जरूर बढ़ायें।

कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों को पढ़ाते हुए मूल्य ह्रास, साझेदारी, लाभांश, आयकर के संबंध में पूछा और उनके ज्ञान एवं अध्ययन के स्तर को परखा। कलेक्टर ने बच्चों को बताया कि किसी भी तरह का बड़ा व्यवसाय करने के लिए एक व्यक्ति के साथ अन्य व्यक्ति कार्य करते हैं तथा संचालित व्यवसाय के लाभ को आपस में बांट लेते है। जिसे पार्टनरशिप या साझेदारी कहा जाता है। उन्होंने आयकर की जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों को अपनी आय के अनुसार शासन को कर देना होता है और कर कई प्रकार के होते हैं। व्यवसायी प्रतिदिन सुबह व्यवसाय करने के बाद ओपनिंग बैंलेंस तथा शाम को क्लोजिंग बैंलेंस का ब्योरा रखते हैं। उन्होंने बच्चों से कॉमर्स के जनक का नाम पूछा तो बच्चों ने कॉमर्स के जनक लुकास पेसियोला का नाम बताया। उन्होंने अर्थशास्त्र, बिजनेस स्टडी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए बीबीए एवं एमबीए के कोर्स का भी ट्रेंड है और कैरियर के लिए कई नए आयाम हैं। उन्होंने बच्चों से भारत का नक्शा बनवाकर उनके दिशा संबंधी ज्ञान का भी परीक्षण किया। कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए टीका जरूर लगवाएं। कलेक्टर ने बच्चों से उनके फेवरेट टीचर के बारे में पूछा, तो बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए शिक्षक एमटी शेख का नाम बताया। बच्चों ने उन्हें स्थायी सम्पत्ति एवं अस्थायी सम्पत्ति के संबंध में भी बताया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आरएल ठाकुर एवं प्राचार्य मती सुनीता खरे, शिक्षक एमटी शेख एवं अन्य अधिकारी तथा शिक्षक उपस्थित थे।

गौरतलब है कि कलेक्टर डोमन सिंह ने जिले में शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से नई पहल करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को महती जिम्मेदारी सौंपी है। कलेक्टर स्वयं प्रति सप्ताह शासकीय पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में अध्यापन कार्य संपादित करेंगे। जिला स्तरीय अधिकारी सप्ताह में एक दिन स्कूलों में पहुंचकर अध्यापन कार्य संपादित करेंगे। अधिकारीगण अपने विषय अनुसार अध्यापन कार्य संचालित करेंगे।

बारिश में डूबते शहर के लिए महापौर-आयुक्त का फोटो सेशन जिम्मेदार : किशुन

- शहर में सफाई और ड्रेनेज व्यवस्था नाली और नाले के गंदे पानी में बह गई है

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बारिश के मौजूदा हालात के बीच डूबते शहर के लिए महापौर आयुक्त फोटो सेशन को जिम्मेदार ठहराया है। यदु ने कहा कि, मॉनसून की शुरुआत में ही विकराल स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। निचली बस्तियां ही नहीं शहर के कई इलाकों में नाली-नाला का पानी घरों तक घुस रहा है। कई स्थानों पर तो घुटने से ऊपर तक पानी चढ़ रहा है।

नेता प्रतिपक्ष किशुन ने कहा किए शहर में सफ़ाई और ड्रेनेज व्यवस्था नाली और नाले के गंदे पानी में बह गई है। बसंतपुर जिला अस्पताल के वार्डों और ओटी तक नाला का गंदा पानी घुस रहा है। राजीव नगर, इंदिरा नगर, नंदई, मोतीपुर, रामनगर, शंकर

नगर, चिखली, गौरी नगर, वर्धमान नगर, महेश नगर, लखोली, कैलाश नगर इलाकों में कहीं घुटने से ऊपर तक गंदे पानी के भराव की स्थिति बन रही है तो कहीं सड़क ही पानी में डूब रही है।

उन्होंने कहा कि, लोगों के घरों के भीतर गंदा पानी घुस रहा है। वार्डों में गंदे पानी का जमाव हो रहा है। यह स्थिति घातक है। गंदे पानी की वजह से गंभीर संक्रामक बीमारियां फैल सकती है। अस्पताल जैसी जगह के हालात बदतर हैं। यदु ने बताया कि, यही नहीं पानी निकासी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर भी अमल नहीं किया जा रहा है। निगम से पार्षदों को जेसीबी मुहैया नहीं कराई जा रही है जिसके चलते आपातकालीन इंतजाम करने में परेशानियां सामने आ रही है। वार्डवासी नाली-नाला के पानी और गंदगी के बीच रहने मजबूर हैं और पार्षद बेबस हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि, शहर आज जिन बिगड़े हालातों का सामना कर रहा है उसके लिए महापौर-आयुक्त ही जिम्मेदार हैं। मॉनसून से पहले दोनों ही जिम्मेदार नाली-नाला की सफाई अभियान का ढिंढोरा पीटते रहे। तस्वीरें खिंचवाई गई और अखबारों में छपवाई गई, लेकिन इस दिखावे की हकीकत सामने आने में ज्यादा वक्त नहीं लगा। शहर भर में बारिश के पानी निकासी की अव्यवस्था ने सारी पोल खोल कर रख दी है।

कार्रवाई करने की हिम्मत दिखाए

नेता प्रतिपक्ष ने किशुन यदु ने कहा कि, अब निगम अमले को फु र्ती से ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने पर ध्यान देने की जरुरत है। कई जगहों पर निजी निर्माणों के चलते शहर से बाहर पानी निकासी के लिए बने नाले संकरे हो गए हैं। इनके लिए भी तत्काल इंतजाम किए जाएं। यही नहीं ऐसे निर्माणों को अनुमति देने वाले जिम्मेदार इंजीनियरों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की हिम्मत दिखाएं। शहर के इस बदतर हालत के लिए जो भी जिम्मेदार है उनके खिलाफ कार्रवाई बेहद जरुरी है।

ब्लॉक गोंड़ आदिवासी समाज का हुआ गठन

नवागढ/नवप्रदेश। गोंड आदिवासी समाज नवागढ़ द्वारा बैठक रखी गई जिसमें समाज के सभी जिला पदाधिकारी जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज मुरीत मंडावी, जिला सचिव सर्व आदिवासी समाज गंगाराम खुसरो, नरेंद्र ठाकुर, गोंडी धर्म आचार्य यूआर ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष, अजजा कर्मचारी संघ रामचरण ध्रुव, ब्लॉक पदाधिकारी आदरणीय संरक्षक गोंड समाज बाला राम ध्रुव, संरक्षक गोंड समाज रामनाथ ध्रुव, ब्लॉक सचिव अजजा कर्मचारी संघ सत्रोहन नेताम, संरक्षक गोंड समाज तिरुमान गिरवर सिंह मरकाम, ब्लाक अध्यक्ष अजजा कर्मचारी संघ हेमलाल ध्रुव और नवागढ़ ब्लाक के सभी सगा समाज के युवाओ की उपस्थिति में गोंड आदिवासी समाज नवागढ़ ब्लॉक के पदाधिकारियों का गठन सर्व सहमति से किया गया। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष सियाराम ध्रुव, ब्लॉक उपाध्यक्ष आशाराम ध्रुव, ब्लॉक सचिव तिरुमान खेमसिंह ध्रुव, ब्लॉक महासचिव कमलेश ध्रुव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष राजकुमार नेताम, ब्लॉक मीडिया प्रभारी कमल सिंह नेताम को मनोनीत किया गया।

नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने लिया चार्ज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव

पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण किये। श्री ठाकुर 1998 बैच के डीएसपी पद में नियुक्ति उपरांत मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के कई जिलों में डीएसपी-एसडीओपी-नगर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्य कर चुके हैं। तत्पश्चात उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक के पद पर पुलिस अधीक्षक महासमुंद, धमतरी एवं कोरिया जिले में वे अपनी सेवायें दे चुके हैं। उनकी 4थीं पदस्थापना पुलिस अधीक्षक जिला राजनांदगांव के पद पर हुई हैं। जिला राजनांदगांव के नये कप्तान को उनके आगमन पर सलामी दी गई। नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री ठाकुर के कार्यालय पहुंचने पर उनका स्वागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव संजय महादेवा, अति. पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ जयप्रकाश बढ़ई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे (आईयूसीएडब्ल्यु), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानपुर पुपलेश कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्सरेशन आकाश मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात गजेन्द्र सिंह ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव राय, उप पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्लयू) नेहा वर्मा, एसडीओपी अं. चौकी अर्जुन कुर्रे, एसडीओपी खैरागढ़ दिनेश सिन्हा, एसडीओपी गंडई प्रशांत खांडे, उप पुलिस अधीक्षक नासीर बाठी, उप पुलिस अधीक्षक हेमप्रकाश नायक, उप पुलिस अधीक्षक डीके सिसोदिया, उप पुलिस अधीक्षक व्हीबी नंद, उप पुलिस अधीक्षक अजीत ओगरे द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक भुपेन्द्र गुप्ता एवं जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारीगण एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

युवा मंच ने क्षत्रपति साहू महाराज की 148वी जयंती मनाई

भाटापारा/नवप्रदेश। अम्बेडकर युवा मंच के तत्वाधान में अम्बेडकर चौक स्टेचू के पास बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर आधुनिक भारत के महान समाज सुधारक का जन्म भोसले राजवंश के राजा और कोल्हापुर की भारतीय रियासत के महाराजा छत्रपति शाहूजी जी की 148 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई।

उन्हें एक वास्तविक लोकतांत्रिक और समाज सुधारक माना जाता है। वह महाराष्ट्र में एक अमूल्य मणि थे ।साहू जी महाराज महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले जी योगदान से काफी प्रभावित होकर शाहू जी महाराज एक आदर्श नेता और सक्षम शासक थे जो अपने शासन काल के दौरान कई प्रगतिशील गतिविधियों से जुड़े थे ।1884 में राजा होने से 1922 में मृत्यु तक उन्होंने अपने राज में तथाकथित निचली जाति के उत्थान के लिए अथक परिश्रम किए । जाति और पंथ निरपेक्ष सभी को प्राथमिक शिक्षा उनकी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता में से एक थी।

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में सत्र 22- 23 की प्रथम सहभागी गतिविधि के रूप में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा और लोक कला का प्रतीक है। अलग-अलग प्रदेशों में रंगोली के नाम और उसकी शैली में भिन्नता हो सकती है, लेकिन इसके पीछे निहित भावना और संस्कृति में पर्याप्त समानता पाई जाती है ।इसी भावना को ध्यान में रखते हुए यह प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से पांचवी तथा कक्षा छठवीं से आठवीं तक के लिए दो समूह में रखी गई थी ।जिसमें वालिया साहू, प्रिया पटेल, अनुपाल ,मानवी साहू ,दामिनी साहू, अदिति साव, आरुषि बाजपेई, मीनल यादव, रिया दुबे ,भुनेश्वरी साहू, चेताली देवांगन, खुशी साहू ,हेमा साहू ,चित्राक्षी ध्रुव ,आकृति गुप्ता, भूमिका देवांगन ,दीपाली देवांगन, निकिता खुटे, समृद्धि कार्या, दिशा साहू ,सुमन साहू, खनक दास ,भावी जैन ,दीपिका साहू, शंभवी त्रिवेदी, भाविक यादव ,प्राची साव, सोनल देवांगन, कल्पना साहू ,कात्यानी सिंह चौहान, मानसी यादव, रूपाली साहू ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

सड़क निर्माण में बरती कोताही, घरों में भर रहा पानी, ग्रामीणों की बढ़ाई परेशानी

- ग्रामीणों ने समस्या के निराकरण के लिए किसान नेता योगेश तिवारी से लगाई गुहार

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला ब्लाक के ग्राम पंचायत भाठासोरही के आश्रित ग्राम नवागांव में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के अंतर्गत करीब 20 लाख की लागत से सीसी मार्ग का निर्माण हुआ हैं। निर्माण के दौरान ठेकेदार के द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं करने के कारण बारिश का पानी घरों में भर रहा हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इस संबंध में ग्रामीणों से शिकायत मिलने पर किसान नेता योगेश तिवारी ग्राम नवागांव पहुंच कर

निर्माण में हर स्तर पर गड़बड़ी, खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

ग्रामीणों ने किसान नेता को बताया कि फील्ड इंजीनियर कार्य के मूल्यांकन के लिए एकाध बार ही गांव आए हैं। इसके अलावा हर स्तर पर निर्माण में अनियमितता बरती गई हैं। सड़क के साइड सोल्डर का निर्माण आधा अधूरा किया गया हैं, जिससे ग्रामीण हादसे का शिकार हो रहे हैं।

ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने बताया कि हल्की सी बारिश में भी घरों में पानी भर रहा हैं। ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा हैं। निर्माण के दौरान फील्ड इंजीनियर को अवगत कराए जाने के बावजूद उन्होंने ग्रामीणों की शिकायत को नजर अंदाज किया।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला

मामले की श्रेणी-राजस्व

क्रमांकः सीजी 5124920062022027

रिसाली प.ह.न. 00022 हे.

ईश्तहार

तह. दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी अखिलेश कुमार पिता/पति स्व.प्रहलाद कुमार पता 23/9 गांधी नगर मणुरिसा हाईट फेस 2 मैत्री कुंज रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग, अमित कुमार पिता/पति स्व. प्रहलाद कुमार पता 23/9 गांधी नगर मधुरिसा हाईट फेस 2 मैत्री कुंज रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग, उर्मिला देवी पिता/पति स्व. प्रहलाद कुमार पता 23/9 गांधी नगर मधुरिसा हाईट फेस 2 मैत्री कुंज रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग, कल्पना देशमुख पिता/पति स्व. प्रहलाद कुमार पता 23/9 गांधी नगर मधुरिसा हाईट फेस 2 मैत्री कुंज रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा नं. 651/10 (0.0258) में नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/7/22 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायानय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि के पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/7/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुन्ती देवी पति स्व. शिवकुमार प्रसाद अन्य-3 निवासी पंचशील सेक्टर बी, बोरसी नहर नाली रोड दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 19/22, रा.नि.मं. दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग में परिवर्तित भूमि नया खसरा नं. 292/3 रकबा 0.010 हे. दर्ज है। आवेदित भूमि को आवेदकगण के पिता/पति स्व. शिवकुमार प्रसाद के हक व अधिकार की भूमि है जिसे स्व. शिवकुमार प्रसाद द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित कर क्रय किया गया है तथा भूमि खसरा नं. 292/3 रकबा 0.010 हे. को स्व. शिवकुमार प्रसाद के मृत्यु पश्चात आवेदकगण द्वारा फौती नामांतरण करवाकर राजस्व अभिलेख में अपना नाम दर्ज करवाया गया है। नामांतरण करवाकर राजस्व अभिलेख में अपना नाम दर्ज करवाया गया है। उक्त भूमि का बंदोबस्त पूर्व पुराना खसरा नं. 82/13 रकबा 0.00 हे. था। वर्तमान में उपरोक्त भूमि 2400 वर्गफुट पर आवेदकगण काबिज है। उपरोक्त भूमि स्व. शिवकुमार प्रसाद द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित कर क्रय किया गयाहै, जिसके अनुसार क्रेता स्व. शिवकुमार प्रसाद द्वारा विक्रेता सखराम से खसरा नं. 82/3 का टुकड़ा रकबा 2400 वर्गफुट जो प्रमाणिकरण के बाद खसरा नं. 82/10 बना क्रय किया गया है7 स्व. शिवकुमार प्रसाद द्वारा अपनी क्रयशुदा 2400 वर्गफुट भूमि को परिवर्तित भी करवाया गया है। ग्राम रिसाली के पटवारी द्वारा बिना स्व. शिवकुमार प्रसाद एवं वारिसानों को कोई सूचना दिए बगैर पटवारी/राजस्व अधिकारीयों द्वारा बंदोबस्त योजना के तहत पुराने खसरा ने. निरस्त कर नए नंबर दे दिया गया। तथा पुराना खसरा नं. 82/10 रकबा 0.022 हे. कम है7 जबकि आज भी आवेदकगण अपने संपूर्ण भूमि पर काबिज है। ग्राम रिसाली के पटवारी एवं राजस्व अधिकारियों द्वारा त्रुटिवश उपरोक्त नया खसरा नं. 292/3 क्षेत्रफल का गलत/कम दर्ज कर दिया गया है। आवेदकगण का आवेदन स्वीकार कर ग्राम रिसाली तह. व जिला दुर्ग स्थित परिवर्तित भूमि नया खसरा नं. 292/3 रकबा 0.010 हे. (बेदोबस्त पूर्व पुराना खसरा नं. 82/10 रकबा 0.022 हे.) के रकबे में बंदोबस्त दौरान हुए त्रुटि को सुधार कर आवेदित भूमि खसरा नं. 292/3 का रकबा 0.022 हे. पूर्वानुसार दुरूस्त कर दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मेंप्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 8/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202207101500003//ब/121/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम उफरा प.ह.नं. 07 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक किशोर कुमार लाटिया पिता श्री सीताराम लाटिया निवासी माइन्स कॉलोनी बोरिया पो. खण्डगांव तह. मानपुर जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम उफरा प.ह.नं. 07 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज खाते की भूमि खसरा नं. 1106/1, 1106/2 रकबा 0.45, 0.45 हे. का ऋणपुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकारण विचाराधीन है।

अतः आवेदक किशोर कुमार लाटिया पिता श्री सीताराम लाटिया निवासी माइन्स कॉलोनी बोरिया पो. खण्डगांव तह. मानपुर जिला राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदन को द्वितीय प्रतिऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25/7/22 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 20220510090046/20220510090046

विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

गभरा प.ह.न. 00015 (377 (0.0500 हे.))

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / मनोज याद अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम गभरा प.ह.न 15 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मनोज यादव पिता संपतलाल यादव निवासी ग्राम रायपुरा तह. व जिला रायपुर द्वारा ग्राम गभरा ह.नं.-15 तह. पाटन स्थिति भूमिस्वामी सुरेश मेघवती पति गंगाप्रसाद के नाम दर्ज भूमि ख.नं. 377 रकबा 12.50 डिसमिल को अपने पिता जी द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 21/6/2021 से क्रय आधार पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदक सुरेन्द्र पिता स्व. रामअवतार साह द्वारा पंजीकृत बैनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 18/7/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/6/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 20210310150050/20210310150050

विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

गभरा प.ह.न. 00015 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / अध्यक्ष गोठान समिति अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष गोठान समिति गभरा तह. पाटन द्वारा ग्राम गभरा ह.नं.-15 तह. पाटन स्थिति गोठान (चारागाह) भूमि ख.नं. 618 रकबा 2.40 हे. भूमि शासकीय भूमि को ग्राम पंचायज करगा द्वारा जमीन अदला बदली हेतु दिनांक 25/5/22 को आवेदक अध्यक्ष द्वारा संशोधित आवेदन पेश किया है कि जिसमें श्रीमती अमृता पाण्डेय पति एम.एल. पाण्डेय निवासी रायपुर द्वारा भूमि ख.नं. 588, 553, 586, 587, 563 रकबा 1.50, 0.10, 0.10, 0.10, 0.60 हे. कुल रकबा 2.40 हे. घास भूमि के अदला बदला हेतु में से चारागाह हेतु 2.40 हे. शासकीय भूमि ख.नं. 618 को अदला बदली करने बाबत आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 25/7/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/07/2022 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 20220610090070/20220610090070

विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

गोड़पेंडरी प.ह.न. 00023 (1514 (0.2200)) हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / रामकिसुन अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम गोड़पेन्ड्री प.ह.नं. 23 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रामकिसुन पिता बुद्धूराम निवासी ग्राम गोड़पेन्ड्री द्वारा ग्राम गोड़पेन्ड्री प.ह.नं. 23 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज भूमि ख.नं. 1514, 1604 रकबा क्रमशः 0.22, 0.01 हे. का मूल ऋण पुस्तिका गुम जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक रामकिसुन पिता बुद्धुराम द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 16/8/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/6/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 15/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र. 02/2022 — रायपुर, दिनांक 12/07/2022

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्न प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में कम/अधिक दर एस.ओ.आर. में लिफाफा अ में सीलबंद निविदाएं तथा लिफाफा ब में एफ.डी.आर. आमंत्रित की जाती है। इस हेतु कोरा निविदा प्रपत्र दिनांक 03.08.2022 को संध्या 4.00 बजे तक निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.08.2022 को संध्या 4.00 बजे तक पंजीकृत डाक से जोन क्रमांक 02 में जमा किया जाएगा। प्राप्त समस्त निवदाएं उसी दिवस को संध्या 5.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर संपन्न की जावेगी।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	आगणित राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	एस.ओ.आर.	समयावधि	निविदा प्रपत्र
1	दानवीर भामाशाह वार्ड क्र. 26 अंतर्गत सोलंकी गली से साहूपारा जैतखांब से रबी कुर्रे के मकान से इमली गली तक सी.सी. रोड एवं सी.सी. कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	1836000=00	19000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	04 माह	अ
2	हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड क्र. 36 अंतर्गत मौदहापारा कब्रिस्तान में वेटिंग हॉल निर्माण कार्य।	500000=00	5000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	03 माह	अ
3	वार्ड क्र. 13 अंतर्गत कर्मा विद्या मंदिर साहू पारा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	500000=00	5000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	03 माह	अ
4	रमण मंदिर वार्ड क्र. 14 अंतर्गत कुम्हारपारा सुलभ के सामने स्थित नाले का मरम्मत कार्य।	149000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	02 माह	अ
5	जोन अंतर्गत स्थापित सार्वजनिक बोर के लिए कंट्रोल पैनल/स्टार्टर क्रय करने का कार्य।	104000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	लो.नि.वि. विद्युत एण्ड मेकनिकल एस.ओ.आर. 01.01.2020	01 माह	अ
6	रमण मंदिर वार्ड क्र. 14 अंतर्गत पार्षद निधि से गार्डन चेयर प्रदाय कर लगाने का कार्य।	100000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	नान एस.ओ. आर. आयटम दर अनुसार	01 माह	स

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक अमानती राशि एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार की जाएगी। अमानती राशि की एफडीआर की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। छायाप्रति संलग्न करने पर निविदा की प्रक्रिया से सीधे उम्मीदवारी निरस्त कर दिया जावेगा।
2. सक्षम बैंक साल्वेंसी, पंजीयन कापी, आईटीआर क्लीयरेंस प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, जीएसटी की फोटो कापी स्वप्रमाणित आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
4. ठेकेदार/सप्लायर्स के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जीएसटी विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
5. अंतिम भुगतान या धरोहर राशि की विमुक्ति के पूर्व, देय कर का शासकीय कोष में जमा कराए जाने का सत्यापन कराया जाना होगा।
6. ठेका कार्य सिर्फ जीवित GST पंजीयन धारक को प्रदाय किया जावेगा। अन्यथा नगर निगम, रायपुर द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जावेगा।
7. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
8. निविदा प्रपत्र हेतु सक्षम श्रेणी में लो.नि.वि. छ.ग. शासन से पंजीकृत ठेकेदार ही आवेदन कर सकेंगे।
9. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियां कार्यालय अवधि/ दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्र. 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

कलेक्टर एवं एसपी ने कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अफसरों की ली बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री छग शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार टीएल बैठक के पूर्व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की जा रही है। मंगलवार को संयुक्त कार्यालय बेमेतरा के सभाकक्ष में जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लिया गया। जिसमें जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने, असामाजिक तत्वों पर सतत निगाह रखने तथा बेमेतरा जिले की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना मंडावी, अपर कलेक्टर डां. अनिल बाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी राजीव शर्मा, बेरला एसडीएम संदीप ठाकुर, नवागढ एसडीएम प्रवीण तीवारी, साजा एसडीएम धनराज मरकाम, संयुक्त कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं थाना/चौकी प्रभारियों सहित प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अमरकंटक में शिव भक्तों के लिए की निःशुल्क भोजन व ठहरने की व्यवस्था

◗ शहर की भावना समाज सेवी संस्था ने की पहल, शिवभक्तों ने जताया आभार

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले से भी प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त अमरकंटक में जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ यात्रा लेकर पहुंच रहे हैं। इतने कठिन यात्रा के बाद उन्हें विश्राम व उनके रहने के लिए उचित व्यवस्था एवं भोजन हेतु सराहनीय पहल करते हुए भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा 13 जुलाई से 8 अगस्त तक जैन मंदिर, सर्वोदय तीर्थ, अमरकंटक, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश में कवर्धा जिले से जाने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन व ठहरने की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के लिए भगवान शिव के श्रद्धालुओं ने संस्था के इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त किया है। भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा कांवड़ यात्रियों द्वारा अपनी यात्रा की अग्रिम जानकारी, अन्य सहायता एवं जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9754462000, 9755359004 भी जारी किया गया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री एवं जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति भावना बोहरा ने बताया कि हमारे कबीरधाम जिले के सैकड़ों श्रद्धालु कठिन यात्रा करके भगवान भोलेनाथ जी का जलाभिषेक करने के लिए अमरकंटक तक कांवड़ यात्रा लेकर जाते हैं। उनकी इस आस्था का सम्मान करते हुए और एक जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने हेतु हमने कबीरधाम जिले से कांवड़ यात्रा लेकर अमरकंटक जाने वाले कांवड़ियों के लिए जैन मंदिर, सर्वोदय तीर्थ में 13 जुलाई से 8 अगस्त तक ठहरने व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की है। कबीरधाम जिले से जाने वाले कांवड़ियों की सुविधा और इस कठिन यात्रा के बाद उन्हें विश्राम मिल सके इसके लिए भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा यह व्यवस्था की है जिससे कांवड़ यात्रियों को राहत मिलेगा।

सेवा करने का हमें पुण्य अवसर मिल रहा : भावना बोहरा ने आगे कहा कि श्रावण मास के शुभ अवसर पर कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का हमें पुण्य अवसर मिल रहा है जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। भावना समाज सेवी संस्थान निरंतर हर जरूरतमंद लोगों की सेवा एवं मदद के लिए तत्पर है और किसी भी विषम परिस्थिति में हर व्यक्ति की सहायता के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। मुझे विश्वास है कि इस पुण्य अवसर पर अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करने हेतु कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का हमने एक सार्थक प्रयास किया है उसमें भी सभी का सहयोग हमें प्राप्त होगा।

जिले की अग्रणी समाजसेवी संस्था

विदित हो कि भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा लगातार कबीरधाम जिले सहित आस-पास के जिले में निवासरत हर जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा, सामाजिक, धार्मिक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिलाओं का सशक्तिकरण और गरीब, जरूरतमंद लोगों की सहायता के उद्देश्य के साथ संस्थान द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है।

गुरु अमरदास की जयंती में चेटूवापूरी धाम पहुंच विधायक छाबड़ा ने की पूजा-अर्चना

◗ चेटूवापूरी धाम में 1.04 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों की रखी आधारशिला

बेमेतरा/नवप्रदंश। बेरला ब्लाक के ग्राम चेटूवा में गुरु अमरदास जयंती एवं शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम गुरु अमरदास की समाधि स्थल पहुँच पूजा पाठ कर गुरु के चरणों मे नमन कर क्षेत्रवासियो की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज बड़ा हर्ष का विषय है बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चेटूवा पवित्र धाम में गुरु अमरदास की 228 वी जयंती समारोह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास के जेष्ठ पुत्र गुरु अमरदास थे, परम् पूज्य गुरू घासीदास बाबा ने बताये संदेश, मार्ग सत्य अहिंसा, मनखे-मनखे एक समान, अंधविश्वास, आडम्बर से दूर रहने, नशा पान नहीं करने का उपदेश दिया, ऊंच-नीच के भेद भाव मिटाने के लिए गुरु गुरूघासीदास ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है, गुरु अमरदास ने गुरु घासीदास बाबा के बताए रास्ता, संदेश को जन मानस तक पहुंचाने का काम किया। गुरु अमरदास ने चेटूवापूरी धाम में समाधि ली थी, गुरु अमरदास ने अपने ज्ञान उपदेशों से सतनाम पंथ में उच्च नीच, छुआ छूत, अमीर गरीब के भेदभाव से परे सभी मानव जाति को प्रत्यक्ष और प्रमाणित संदेश से मोहग्रस्त जीवों का अंधकार दूर किया। चेटूवापूरी धाम में छत्तीसगढ़ से ही नहीं पूरे भारतवर्ष से गुरु अमरदास के दर्शन करने आनंद लेने बड़ी सँख्या श्रद्धालुजन पहुँचे हैं। चेटूवा पूरी धाम में सन 1926 में निर्माण कार्य चालू हुआ, 1932 में गाँव के मालगुजार गौटिया स्व. आधारदास के द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया।

एसपी ने पदभार ग्रहण के बाद अफसरों की ली बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर अपना पदभार ग्रहण करने के पश्चात कार्यालय समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं थाना-चौकी प्रभारियों से रूबरू होकर जिले के गतिविधियों के संबंध में जानकारी लिये। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव संजय महादेवा द्वारा जिले में चल रहे पुलिसिंग व कार्यवाही के संबंध में जानकारी साझा किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर द्वारा समस्त उपस्थित राजपत्रित अधिकारीगण एवं थाना, चौकी प्रभारीगणों का परिचय प्राप्त कर अपने संबोधन में सभी को नई ऊर्जा से काम करने एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा विजिबल पुलिसिंग, प्रीवेंशन ऑफ क्राइम, चिटफंड केसेस, अवैध नशे के खिलाफ कार्यवाही, आज के परिस्थिति को देखते हुये धार्मिक, राजनीतिक आदि मामलों अफवाह फैलाने वालों पर नजर रख कर समय पर रोकने हेतु विशेष जोर दिया गया।

कोरोना संक्रमण के लक्षण होने पर न बरतें लापरवाही, लें चिकित्सक की सलाह

◗ फिर से पैर पसार रहा है कोरोना संक्रमण, सीएमएचओ ने की सतर्कता बरतने की अपील

कबीरधाम/नवप्रश। कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकरणों ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार सतर्कता बरतने की अपील और अलर्ट जारी कर लोगों को कोविड गाइडलाइन का पालन करने, कोविड टीका का सभी डोज उचित अंतराल में आवश्यक रूप से लगाने तथा सर्दी-खासी, बुखार, बदन दर्द या सिर दर्द जैसे कोई भी लक्षण आने पर कोविड जांच अवश्य कराने की सलाह दी जा रही है।

वर्तमान में जिले में कोरोना संक्रमण के कुल 45 सक्रिय मरीज हैं। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है, जो चिंताजनक है और जल्द एहतियात नहीं बरतने से तेजी से कोविड फैलने का खतरा बढ़ सकता है, इसीलिए समय रहते सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड टीकाकरण की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही समय-समय पर डोर-टू-डोर टीका व शिविरों के माध्यम से कोविड़ टीकाकरण की सेवाएं दी जा रही हैं, लेकिन इन सेवाओं का लाभ तभी मिल पाएगा, जब सभी लोग कोविड के सभी डोज सही अंतराल में लगवा लेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुजॉय मुखर्जी ने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक-धार्मिक संगठनों व युवाओं से अपील करते हुए निश्चित समय अंतराल में कोरोना टीके की डोज अनिवार्य रूप से लगवाने की अपील की है। इस संबंध में उन्होंने बताया: कोरोना संक्रमण की पिछली लहरों में यह पाया गया है कि कोविड टीकाकृत लोगों में इसका असर बहुत कम हुआ और रिकवरी रेट अच्छी रही। कोरोना संक्रमण से हुई मौतों पर अध्ययन करने पर भी यह स्पष्ट हो चुका है कि कोविड का टीका नहीं लगवाने या केवल सिंगल डोज लेने वालों को आपातकाल की स्थिति का सामना अधिक करना पड़ा है। इससे यह स्पष्ट हो चुका है कि स्वयं, अपने बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए कोविड का टीका ही कारगर माध्यम है। इसी वजह से कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जिले में लगातार लोगों से सतर्क रहने, समझदारी दिखाने, सही समय पर कोविड जांच, उपचार व परामर्श का लाभ लेने तथा कोविड का सभी डोज सही अंतराल उपरांत अवश्य लगवाने की अपील की जा रही है।

लापरवाही के कारण भी बढ़ रहे हैं मामले

वर्तमान में बहुत से परिवारों में लोग स्वास्थ्य टीम से अपनी ट्रेवल हिस्ट्री या स्वास्थ्य गत जानकारी छुपाने की कोशिश कर रहे हैं। कोविड के लक्षण आने पर स्थिति प्रकट हो रही है तथा यही हाल कोविड टीका के संबंध में भी है। ऐसी परिस्थिति को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक न होने पर घर से बाहर जाने तथा भीड़ वाले स्थानों पर जाने से बचने की अपील की गई है। साथ ही कहा गया है कि अन्य राज्यों, कोरोना संक्रमण से प्रभावित जिलों अथवा विदेश से आने वालों को कोविड जांच अवश्य कराना चाहिए। इसके अलावा किसी भी प्रकार के कोविड संबंधित लक्षण होने पर लापरवाही न बरतते हुए तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर कोविड जांच कराना चाहिए और चिकितस्क से तुरंत परामर्श लेना चाहिए, क्योंकि कोविड जांच में की गई देरी से स्थिति गंभीर हो सकती है।

अभ्युदय स्कूल में मनाया गया गुरू पूर्णिमा

कवर्धा/नवप्रदेश। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के नाम से जानते हैं। इसके साथ ही आज के दिन महाभारत और पुराणों के रचयिता महर्षि वेदव्यासजी का जन्म हुआ था। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल में गुरु पूर्णिमा के पुनीत पर्व पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धेय शिक्षक - शिक्षिकाओं को श्रीफल और पान - सुपाड़ी प्रदान कर तिलक लगाकर वंदन किया गया। विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ गुरु की महत्ता को लेकर भाषण एवं कविता भी प्रस्तुत किए गये जिससे पूरा अभ्युदय परिसर आध्यात्मिक वातावरण में भाव - विभोर हो गया। अंत में संस्था प्राचार्या व्ही शोभा ने विश्व के समस्त गुरुओं के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विप्र भवन कवर्धा में हुआ कार्यक्रम

कवर्धा/नवप्रदेश। बुधवार को पूरे देशभर में गुरू पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। हिंदू धर्म में गुरु पूर्णिमा का बहुत महत्व है। यह हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। गुरु पूर्णिमा को आषाढ़ी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता हैं। शास्त्र के अनुसार गुरु पूर्णिमा के दिन ही महाभारत और पुराण के रचयिता महर्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था। पृथ्वी पर मनुष्य को पुराण का ज्ञान देने के कारण इन्हें गुरु के रूप में आज भी पूजा जाता है। भारत में इस दिन सभी लोग महर्षि वेदव्यास जी के साथ अपने गुरुजनों की भी पूजा अर्चना करते हैं। हिंदू धर्म में गुरु का स्थान देवता से भी पहले दिया गया है, इसलिए गुरु पूर्णिमा का दिन हिंदुओं के लिए बहुत खास होता है।

बुधवार को विप्र भवन कवर्धा में चंद्रिका प्रसाद चैबे की अध्यक्षता में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम उपस्थित सभी विप्रों द्वारा वेदव्यास, गोस्वामी तुलसीदास, शंकराचार्य एंव समाज के धर्म गुरुओं का दीप जलाकर, आरती कर एवं पुष्प माला से पूजा किए। तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के वरिष्ठ सदस्य प्रमोद शुक्ला ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वेदों एवं उपनिषदों के महत्व को विस्तार से बताया।

प्रथम पेज का शेष

केंद्रीय मंत्री गिरिराज...

हुई पर राज्य से राशि नहीं मिलने से यह लक्ष्य अधूरा रह गया है।

4 दिनों तक कोरबा में रहेंगे केंद्रीय मंत्री : गौरतलब है कि गिरिज 16 जुलाई तक कोरबा प्रवास पर रहेंगे। आज सुबह 10 बजे भूमि संसाधन विभाग, भारत सरकार द्वारा प्लेनरी हाल विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित नेशनल वाटर शेड कान्फ्रेंस में जिला पंचायत कार्यालय कोरबा से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल होंगे। इसके बाद जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। कोरबा के जिला पंचायत सभा कक्ष में भारत सरकार की विभिन्न् योजनाओं के हितग्राहियों के साथ बातचीत करेंगे। 15 जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे से विकास कार्य स्थलों का दौरा करेंगे। दोपहर 12 बजे रजकम्मा गांव में दौरा कर वार्तालाप में शामिल होंगे। दोपहर तीन बजे कोरकोमा गांव में दौरा कर वार्तालाप में शामिल होंगे।

अब कोरोना की ...

के 77 करोड़ लोगों में से सिर्फएक फीसदी लोगों ने ही बूस्टर डोज लगवाई है। ऐसे में माना जा रहा है कि मुफ्त टीकाकरण की पहल से इस आंकड़े में बड़ा इजाफा होगा और लोग सरकारी केंद्रों पर जाकर बचाव के लिए बूस्टर डोज लेंगे।

खाद की ओवररेटिंग ...

शिकायतों पर सीएम नाराज : मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ अन्य राज्यों से काफी आगे हैं। रासायनिक उर्वरकों की कमी की पूर्ति काफी हद तक वर्मी कम्पोस्ट की जा सकती है। आने वाले समय में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन बढ़ाना होगा। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के ओव्हर रेट की शिकायतों के प्रकरणों में कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बारिश के दौरान संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के उपायों की समीक्षा के दौरान आवश्यक दवाओं के पर्याप्त मात्रा में भण्डारण, शहरों में साफ-सफाई, जल स्त्रोतों, हैण्ड पम्पों की साफसफाई और क्लोरिनेशन कराने के निर्देश दिए।

कल छत्तीसगढ़ आएंगी ...

करेंगे। साथ ही पारंपरिक अंदाज में द्रोपति मुर्मू का भव्य स्वागत होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सभी जिलों में प्रेस कांफ्रेंस हो रही है। राष्ट्रपति चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है, संगमा के समय हम सफल नहीं हुए थे। अब दो वर्ग यानी नारी जगत को मुर्मू नेतृत्व कर रही हैं। दूसरी अनुसूचित जनजाति समाज को नेतृत्व कर रहीं हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग को द्रौपदी मुर्मू के कारण सम्मान मिल रहा है। अनुसूचित जनजाति हिंदुस्तान में समाज का प्रतिशत बहुत बड़ा 12 प्रतिशत है। भाजपा लगातार अनुसूचित जनजाति वर्ग को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है। पूर्व पीएम स्व अटल जी ने एससी और एसटी के लिए अलग अलग आयोग बनाया था। अनुसूचित जनजाति को खड़ा करने का भाजपा ने लगातार प्रयास किया, द्रौपदी मुर्मू ने सभी क्षेत्रों को प्रतिष्ठा प्रदान की है।

यूपी को नया अध्यक्ष...

नियुक्ति की जानी है। त्रिपुरा में माणिक साहा के मुख्यमंत्री बनने के बाद वहां पर भी नया अध्यक्ष बनाया जाना है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर बिहार और दिल्ली में भी संगठनात्मक बदलाव किए जाने की संभावना है। पार्टी संगठन के प्रभारियों में भूपेंद्र यादव के केंद्र सरकार में मंत्री बनने के बाद गुजरात और बिहार में अभी कोई प्रभारी नहीं है। हालांकि, वहां पर सहप्रभारी काम कर रहे हैं। जल्द ही दोनों राज्यों में पूर्णकालिक संगठन प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी। पश्चिम बंगाल में भी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय की जगह नया संगठन प्रभारी नियुक्त किया जाना है। विधानसभा चुनाव के बाद विजयवर्गीय ने एक बार भी पश्चिम बंगाल का दौरा नहीं किया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश और पंजाब में भी प्रभारियों में बदलाव किया जा सकता है। अभी राधा मोहन सिंह उत्तर प्रदेश और दुष्यंत गौतम पंजाब के संगठन प्रभारी हैं।

गोवा के बाद गुजरात ...

विधायकों ने सीट बदलने का आग्रह किया है, जिस पर पार्टी विचार करेगी।

इस बीच, कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए कुछ दिन पहले सात कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए थे। इनमें वडगाम से विधायक एवं दलित नेता जिग्नेश मेवाणी भी शामिल हैं। पार्टी ने ललित कागथारा, रुत्विक मकवाना, अंबरीश जे डेर, हिम्मत सिंह पटेल, कादिर पीरजादा और इंद्रविजय सिंह गोहिल को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर जातीय समीकरण बनाने की कोशिश भी की है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

क्र./परियोजना/न.नि./2022/387/183 भिलाई, दिनांक 11/07/2022

// RFP //

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत संजय नगर वार्ड 09 में जी.ई. रोड उत्तर गंगोत्री एवं संजय नगर तालाब के मध्य स्थित रिक्त भूमि आकार 14950 वर्गमीटर पर पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप पॉलिसी (Design, Finance, build, Operate, Transfer mode) के अंतर्गत वाणिज्यिक परिसर का निर्माण के लिए फीजीबीलिटी रिपोर्ट तैयार करने हेतु अनुभवी एवं सक्षम फर्म (Technical, Legal & Financial Expert) से प्रस्ताव (RFP) आमंत्रित की जाती है।

कार्य की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में परियोजना शाखा मुख्य कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com एवं UAD की साईट में देखी जा सकती है।

संलग्न- नियम एवं शर्तें।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय कलेक्टर, बेमेतरा (छ.ग.)

।। आदिवासी विकास शाखा ।।

फैक्स नं. 07824-222105 ई-मेल actwd.bemetara@Gmail.com

-:: जारी निविदा निरस्तीकरण हेतु आदेश ::-

क्रमांक/584/आ.जा.क./निर्माण/62/2022 बेमेतरा, दिनांक 11/07/2022

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 375 दिनांक 08.06.2022 के द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदा जार किया गया था, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा की राशि लाख में
1	2	3	4
1	102010	पो.मै.अनु.जाति बालक आदर्श छात्रावास नवीनीकरण कार्य बेमेतरा	25.00
2	102023	पो.मै.अनु.जाति कन्या आदर्श छात्रावास नवीनीकरण कार्य संबलपुर	25.00
3	102024	पो.मै.अनु.जाति बालक आदर्श छात्रावास नवीनीकरण कार्य दाढ़ी	24.90
4	102033	पो.मै.अनु.जाति बालक आदर्श छात्रावास नवीनीकरण कार्य नवागढ़	24.99
5	102035	पो.मै.अनु.जाति बालक आदर्श छात्रावास नवीनीकरण कार्य टेमरी	24.92

उक्त जारी की गई ई-निविदा का जी-नंबर-92021 था। अतः उपरोक्त जारी की गई ई-निविदा में प्रतिस्पर्धा का अभाव होने के कारण एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है।

(श्रीमती मेनका चन्द्राकर)
सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास जिला बेमेतरा

जी-92929/2

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग

सीमांकन सूचना

न्यायालय में मामला क्र. 202204101000024/अ-12 वर्ष- 2021-22, दिनांक 11.07.2022

आम जनता को सूचित किया जाता है कि माननीय तहसीलदार महोदय, दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदिका **श्रीमती निधि गुप्ता पति- श्री दिलीप गुप्ता**, निवासी- जवाहर नगर, दुर्ग द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा- कुरुद, प.ह.नं. 19 अ, रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1417/8, रकबा 0.038 हे0 भूमि का सीमांकन दिनांक 14.07.2022 को समय 10 से 5 बजे के बीच में सीमांकन किया जाना है। जिस किसी हितबद्ध पक्षकारों/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजों के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा विधिवत सीमांकन कर दी जाएगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग

सीमांकन सूचना

न्यायालय में मामला क्र. 202204101000025/अ-12 वर्ष- 2021-22, दिनांक 11.07.2022

आम जनता को सूचित किया जाता है कि माननीय तहसीलदार महोदय, दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदक **श्री दिलीप गुप्ता पिता- श्री पन्ना लाल गुप्ता**, निवासी- जवाहर नगर, दुर्ग द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा- कुरुद, प.ह.नं. 19 अ, रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1417/9, रकबा 0.038 हे0 भूमि का सीमांकन दिनांक 14.07.2022 को समय 10 से 5 बजे के बीच में सीमांकन किया जाना है। जिस किसी हितबद्ध पक्षकारों/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजों के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा विधिवत सीमांकन कर दी जाएगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

NAME CHANGE

I Shivani W/o Ajay Bhardwaj R/o VPO-Naswal, Teh-Ghumarwin, Distt-Bilaspur, Himachal Pradesh-174021, have changed my name to Shivani Bhardwaj.

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 220/2022-23
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-50 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 50/406 बालाजी होम्स जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती अनिता आर. अग्रवाल w/o राजेश अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती ममता शर्मा w/o लखनलाल शर्मा, वैभव शर्मा s/o लखनलाल शर्मा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 221/2022-23
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-50 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 50/ बी-6 साई पार्क रेसीडेंसी F00071 जो कि निगम अभिलेख में श्री राम धीरेन्द्र शर्मा s/o आर.एन. शर्मा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री हेमलाल बघेल s/o स्व. पुरू राम बघेल, सुमनलता बघेल w/o हेमलाल बघेल ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank | Syndicate

शाखाः एस.एम.ई., नंदिनी रोड, भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठित तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
2.	मेसर्स श्री मारुतिनंदन स्टील्स यूनिट-।। प्रोपराईटर- श्री संचित अग्रवाल	मेसर्स श्री मारुति नंदन स्टील्स यूनिट-।। के नाम पर प्लॉट नं. 15-डी-2 एवं 3 हैवी इन्डस्ट्रियल एरिया, हथखोज, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग छ.ग. क्षेत्रफल- 12510 वर्गफीट में स्थित फैक्ट्री एवं भवन, संयंत्र व मशीनरी के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दीः उत्तर की ओर- सड़क, दक्षिण की ओर- प्लॉट नं. 15डी एवं 15/डी/1, पूर्व की ओर- खुली भूमि प्लॉट नं. 15डी, पश्चिम की ओर- मेसर्स श्याम केमिकल्स.	₹ 1,39,56,748.02 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	18.04.2022 / 12.07.2022
3.	मेसर्स श्री मारुतिनंदन स्टील्स प्रोपराईटर- श्री संचित अग्रवाल	मेसर्स श्री मारुति नंदन स्टील्स के नाम पर प्लॉट नं. 15-डी 1, हैवी इन्डस्ट्रियल एरिया, हथखोज, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग छ.ग. क्षेत्रफल- 4260 वर्गफीट में स्थित फैक्ट्री एवं भवन, संयंत्र व मशीनरी के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दीः उत्तर की ओर- प्लॉट नं. 15डी-2, दक्षिण की ओर- सड़क, पूर्व की ओर- मेसर्स जे.के. सेल्स, पश्चिम की ओर- मेसर्स श्याम केमिकल्स.	₹ 67,57,183.52 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	18.04.2022 / 12.07.2022

दिनांक : 13.07.2022, स्थानः भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

बाजार की जगह पर बन रहे कृष्ण कुंज का विरोध, जगह बदलने की मांग

■ **सैकड़ों व्यापारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने किया प्रदर्शन**

खरोरा/नवप्रदेश। गुरूवार साप्ताहिक बाज़ार की ज़मीन पर बन कृष्ण कुंज के खिलाफ फिर नपं अध्यक्ष अनिल सोनी समेत सैकड़ों व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों व्दारा पंडित दिनदयाल तिगड्डा चौक मे आमसभा कर एसडीएम एवं सीएमओ पर मनमानी करने का आरोप लगाया गया। आमसभा के बाद रैली निकालकर सभी कृष्ण कुंज निर्माण स्थल पहुँचे जहॉ कृष्ण कुंज की जगह बदलने हेतु कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

ग़ौरतलब है की खरोरा में गुरूवार साप्ताहिक बाज़ार की ज़मीन पर वन विभाग व्दारा कृष्ण कुंज का निर्माण कराया जा रहा हैं। इसके लिए अधिकारियों व्दारा नपं अध्यक्ष एवं पार्षद के बिना सहमति के ही गुरूवार साप्ताहिक बाजार की जमीन का चयन कर लिया गया। बकायदा इसके लिए बाजार की ज़मीन में से लगभग एक एकड़ जमीन पर बाउंड्रीवॉल कर कृष्ण कुंज का निर्माण शुरू कर दिया गया। इसी का नपं अध्यक्ष अनिल सोनी एवं पार्षदो समेत व्यापारियों व्दारा विरोध किया जा रहा है। ये बाज़ार की ज़मीन पर बन रहे कृष्ण कुंज को किसी दुसरी जगह बनाने की मांग कर रहे है। बता दे की बड़े बाज़ार के नाम से प्रचलित खरोरा का ये गुरूवार बाज़ार आसपास के 70 गाँवों का केन्द्र माना जाता हैं। यहॉ दुर-दुर से फल, सब्ज़ी, कपड़ा, मछली, पशु आदी के व्यापारीयों सहित आसपास के क्षेत्र सें बड़ी संख्या में लोग ख़रीदारी करने आते हैं। वही नगर पंचायत के इसी ज़मीन पर लगभग डेढ़ एकड़ में 76 लाख की लागत से डॉ भीमराव अंबेडकर सर्व मांगलिक भवन का निर्माण हो रहा है।

उक्त मांगलिक भवन के साथ ही अब कृष्ण कुंज के निर्माण से यहॉ बाज़ार की ज़मीन छोटी हो जायेगी, इसी का व्यापारी एवं जनप्रतिनिधी विरोध कर रहे हैं। पिछले दिनों इसी के विरोध में तहसीलदार, एसडीएम एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्थल परिवर्तन की माँग की गई थी। किंतु जगह नहीं बदलने के कारण आज फिर से विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान तिगड्डा चौक में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में आमसभा हुई। जिसे संबोधित करते हुवे नपं अध्यक्ष अनिल सोनी ने कहॉ की दो वर्ष पहले इस ज़मीन पर कचरे का अंबार लगा था।

इसे नपं व्दारा साफ़करवाया गया। यहॉ मुरूम पटिंग के साथ ही पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था की गई। जनहित को ध्यान रखकर यहॉ गुरूवार बाज़ार को सिप्ट किया गया। श्री सोनी ने कहॉ की इसी ज़मीन पर डॉ भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन निर्माण कार्य भी चल रहा है। अब यहॉ कृष्ण कुंज बनाने से बाज़ार लगने में परेशान होगी। उन्होंने अधिकारीयो पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुवे कहॉ की हमारे नगर में कहॉ क्या उचित है इसका फ़ैसला हम करेंगे। अधिकारियों की मनमानी नहीं चलेंगी। ज़रूरत पढ़ी तो इसके ख़िलाफ़हम कोर्ट भी जायेंगे। वही जनपद उपाध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ने कहॉ की नगर की कई सरकारी क़ीमती ज़मीन रसूखदार लोगों के क़ब्ज़े में है।

अधिकारियों व्दारा इन ज़मीनों को ख़ाली कराने के बजाय साप्ताहिक बाज़ार की ज़मीन पर कृष्ण कुंज बनाने का फैसला करना गलत हैं। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर ने भी संबोधित किया उन्होंने कहॉ की कांग्रेसियों के सह पर अधिकारी मनमानी मे उतर आये हैं। जनता के चुने जनप्रतिनिधियो के अधिकारों का हनन किया जा रहा हैं। इन्हें काम करने से रोका जा रहा है।

ये सब कांग्रेस विधायक और मंत्रियों के इशारों पर हो रहा हैं। हम इनका विरोध करेंगे। वही कार्यक्रम को वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रकुमार डडसेना, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास ठाकुर, सरपंच संघ अध्यक्ष मिथलेश साहू, पार्षद तोरण ठाकुर, कपिल नशीने, पुर्णेन्द्र पाध्याय आदी लोगों ने संबोधित किया।

> वन विभाग व्दारा बस स्टैण्ड के पास कृष्ण कुंज का निर्माण किया जा रहा हैं। उस ज़मीन पर साप्ताहिक बाज़ार लगता हैं। उसी ज़मीन पर मांगलिक भवन भी प्रस्तावित हैं। इसलिए अध्यक्ष एवं पार्षदो व्दारा कृष्ण कुंज कही और बनाने की माँग कि जा रही हैं। इस विषय पर उच्च अधिकारीयो से चर्चा कर निर्णय लेंगे।
>
> **रविन्द्र शुक्ला,** सीएमओ नपं खरोरा
>
> संबंधित राजस्व विभाग कि स्वीकृति एवं नगर पंचायत सीएमओ की एन.ओ.सी. मिलने के बाद ही इस स्थान पर कृष्ण कुंज निर्माण का काम शुरू किया गया हैं।
>
> **विश्वेश कुमार,** डीएफओ

चोरी के बड़ी वारदात सुलझाने में पुलिस को 24 घंटे में मिली बड़ी सफलता

■ **चोरी हुए समस्त नगदी एवं सोना-चांदी के जेवरात बरामद**

बेमेतरा/साजा/नवप्रदेश। जिलें के साजा नगर में 9 जुलाई के दरम्यानि रात अज्ञात चोरों द्वारा हार्डवेयर व्यापारी भगवानदास राठी के यहां एवं एक मोबाईल दुकान में चोरी के वारदात को अंजाम दिया गया था, सूचना मिलते ही थाना साजा में प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल को तत्काल घटना स्थल पहुचने एवं वही कैम्प करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह

के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल द्वारा अलग-अलग टीम गठित कर आरोपियो का धरपकड हेतु रवाना किया गया। जिसमें से एक टीम को घटना में संलिप्त विधि से संघर्षरत बालकों को जिला राजनांदगांव डोगरगढ रेल्वे स्टेशन के पास से पकडने में सफलता मिली एवं उनके निशानदेही पर चोरी हुये संपुर्ण नगदी एवं जेवरातों को बरामद कर लिया गया। बरामद मशरूका में 12 तोला सोना एवं साढे पांच ग्राम चांदी कीमती करीबन 7.35 लाख रूपये एवं नगदी रकम 1,56,340 रूपये, लैपटाप कीमती करीबन 23000 रूपये, मोबाईल कीमती करीबन 10000 रूपये कुल जुमला कीमती करीबन 9,15,340 रूपये को बरामद किया गया।

प्रकरण की विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से विधि के साथ संघर्षरत 2 बालको को आज दिनांक 12 जुलाई को न्याय किशोर बोर्ड न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्धाज, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, अनुपम शर्मा, डामेश्वर राजपूत, येमन बघेल, आरक्षक इंदर मन निषाद, रामानुज जायसवाल, जयकिशन साहू, मुकेश चंद्रवंशी अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

आश्रम अधीक्षिका सरकारी राशन परिवहन करते पकड़ीं गई

रामानुजगंज/नवप्रदेश। कन्या आश्रम रनहत में पदस्थ प्रभारी अधिक्षिका जयंती सोनहा के द्वारा आश्रम के छात्राओं का हक का राशन को अपने घर ट्रैक्टर से रात्रि में परिवहन करते ग्रामीणों ने रात के 10 बजे धर दबोचा। प्राथमिक कन्या आश्रम रनहत 50 सीटर आवासीय आश्रम सह विद्यालय संचालित है। जहां आश्रम की प्रभारी अधिक्षिका जयंती सोनहा वर्षो से अधिक्षिका का प्रभार संभाल रही है। उसके द्वारा आश्रमवासी छात्राओं के हक का राशन छीनकर अपने ससुराल लूर्गीखुर्द जहां उसकी मूल पदस्थापन संस्था भी है उसके द्वारा रात्रि में ट्रैक्टर लोडिंग कर सरकारी राशन खपाने के उद्देश्य से आश्रम से रवाना की परंतु उसके भाग्य ने साथ नहीं दिया और कुछ दूरी पर रनहत गोपाल घर के सामने ट्रैक्टर में लोड सरकारी राशन समेत पकड़ीं गई। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में पहुंची मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने दूसरे दिन मण्डल संयोजक जय प्रकाश डडसेना को जांच अधिकारी नियुक्त कर रनहत आश्रम में भेजा। जांच अधिकारी ने ट्रैक्टर लोडिंग चावल स्पॉट पर पाया जिसे ग्रामवासियों के समक्ष पंचनामा तथा ट्रैक्टर लोडिंग चावल को सरपंच को सुपुर्दगी में दिया है। वहीं ग्राम पंचायत मकरो के सरपंच प्रतिनिधि राजनाथ सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर में सरकारी राशन परिवहन करते ग्रामीणों ने पकड़ा है जिसकी जांच मण्डल संयोजक बलरामपुर के द्वारा किया गया उन्होंने ट्रैक्टर में लोड चावल व ट्रैक्टर सुपूर्द नामा में दिया है।

उतई नगर पंचायत में परिषद की बैठक संपन्न

उतई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डीकेंद्र हीरवानी की अध्यक्षता में परिषद की बैठक संपन्न हुई ।जिसमें अनेक निर्णय लिए गए ।बैठक के दौरान नगर अध्यक्ष डिकेंद हिरवानी उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा पार्षद गण तोशन साहू प्रहलाद वर्मा मनोरमा देवांगन संतोषी कुंजाम विरेंद गोस्वामी राकेश साहू सतीस चंद्राकर योगेश ठाकुर सुरता सिंह भीमसेन सिन्हा एल्डरमैन प्रेम नारायण साहू खुमान साहू मुख्य नगरपालिका अधिकारी सोहेल कुमार सब इंजीनियर योगेश्वर सिंह पंचायत कर्मचारी अकालू साहू लोकेस्वरी देवांगन उपस्थित रहे।

आयुक्त ने महाविद्यालय के संयुक्त संचालक को लिखा पत्र

■ **जिला चिकित्सालय में लगे वॉटर एटीएम का संचालन चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा किये जाने के संबंध में लिखा पत्र**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय जिला चिकित्सालय बसंतपुर के मरीजों व उनके परिजनों तथा चिकित्सालय स्टॉफ को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने चिकित्सालय गेट के बाजू नगर निगम द्वारा वॉटर एटीएम स्थापित किया गया है, जिसका यूरो केयर इंटरप्राईजेस संस्था दुर्ग के माध्यम से संचालन किया जा रहा था। उक्त एटीएम का अब सुचारू संचालन के लिये निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष

चतुर्वेदी ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव को पत्र प्रेषित किया है।

उल्लेखनीय है कि अल्प राशि में शुद्ध एवं शीतल पेयजल नागरिकों को उपलब्ध कराने नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर वॉटर एटीएम की स्थापना की गयी थी। जिसके संचालन के लिये रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गयी थी और संस्था के द्वारा ए.टी.एम. का संचालन किया जा रहा था। इसी कडी में शासकीय जिला चिकित्सालय में लगे वॉटर एटीएम का संचालन दुर्ग की संस्था यूरो केयर इंटरप्राईजेस द्वारा तीन वर्ष का अनुबंध निस्पादित कर किया गया। अवधि समाप्त होने के पश्चात एटीएम का संचालन किया जाना है। जिसके लिये निगम आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक को एटीएम का मरम्मत/संधारण कार्य अपने कार्यालय स्तर पर किये जाने पत्र प्रेषित किया है, ताकि एटीएम का सुचारू संचालन हो सके एवं मरीजों, उनके परिजनों तथा चिकित्सा स्टॉफ को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके।

मयारू संगवारी सेवा समिति ने किया पौधरोपण

उतई/नवप्रदेश। मयारू संगवारी सेवा समिति के द्वारा पौधरोपण का आयोजन कोकड़ी मुक्तिधाम में किया गया जिसमें उपस्थित शिक्षाविद वाय राजेन्द्र कुमार राव कोकड़ी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच एव गौठान अध्यक्ष रोशन लाल साहू ,भानपुरी के सरपंच राजू लाल देशमुख मयारू संगवारी ग्रुप के अध्यक्ष चुम्मन देशमुख , विवेक श्रीवास्तव , सोमेश साहू तेजेन्द्र साहू ठेकेदार सोमेश साहब, परशु राम निषाद ,सेवक राम उपस्थित थे।

विद्यालयों में अधिकारियों को स्कूलों में पढ़ाई के निर्देश का विप्लव साहू ने किया स्वागत

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डोमन सिंह द्वारा जिला मुख्याल और ब्लॉक स्तर पर विद्यालयों में अधिकारियों को स्कूलों में पढ़ाई के निर्देश का राजनांदगांव जिला पंचायत के सभापति विप्लव साहू ने हार्दिक स्वागत किया है। इससे शिक्षा के स्तर में बदलाव और सुधार की संभावना खुलेगी। विद्यालय में चल रही हालातों, शिक्षकों और छात्रों के बेहतर शिक्षा प्रबंधन के समस्याओं से अधिकारी अवगत होंगे। अधिकारियों को भी नया अनुभव मिलेगा। अधिकारियों को अपने बीच पाकर छात्र, शिक्षक और शिक्षा अधिकारी अलर्ट रहेंगे। शिक्षा ही एक ऐसी ताकत है जो जिंदगी का डिजाइन तय करता है। उम्र भर को पहचान दिलाने के लिए छात्र जीवन ही रीढ़ का काम करता है। और उस पर जब अधिकारी और नेता गंभीर होकर काम करे तो समाज मे सकारात्मक बदलाव होना तय हो जाएगा।

कलेक्टर महोदय की इस अभिनव पहल की सार्थकता और सही रिजल्ट तभी आएगा जब यह कदम ठोस और इसकी गतिविधियां, निरंतर रहेगी। इस हेतु कलेक्टर महोदय और उच्चाधिकारियों में प्रतिबद्धता बनी रहनी चाहिए, तभी जिले का अंदाज क्रांतिकारी हो सकता है।

जनप्रतिनिधियों को भी सप्ताह में एक-दो दिन, विद्यालयों में जाकर विद्या अध्यापन का कार्य करना चाहिए, इससे विद्यालयों का स्तर भी सुधरेगा। स्टूडेंट भी जनप्रतिनिधियों को अपने नजदीक पाकर बेहतर महसूस करेंगे और स्कूल में आ रही समस्याओं से जनप्रतिनिधियों में गंभीरता और रुचि बढ़ेगी।

विभाग तो अपनी गतिविधियां संचालित करेगा ही पालकों को भी अलर्ट रहना होगा। शासन-प्रशासन के ही अधीन और भरोसे न रहकर कुछ जिम्मेदारी और सक्रियता निभानी होगी। क्योंकि अमूमन गावों के माता-पिता बच्चों को स्कुल भेजकर बेफिक्र हो जाते हैं, पढ़ाई और निरीक्षण पर ध्यान देना बंद कर देते हैं। जबकि उन्हें समय-समय पर शिक्षको से मुलाकात और छात्रों की मुश्किलें और नए उपायों के बारे में शिक्षकों से विमर्श जरूरी होता है।

खरोरा नगर इकाई के पदाधिकारियों ने ली शपथ

खरोरा/नवप्रदेश। छ. ग. म. कु. क्ष. समाज नगर इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. पूर्णेंद्र वर्मा ने अपने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अपने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। सचिव पद पर कैलाश बघेल, उपसचिव अनिल वर्मा, उपाध्यक्ष के लिए डॉ. व्यासनारायण आर्य, कौशल वर्मा, लखेश्वर वर्मा, कोषाध्यक्ष आलोक बघेल, उपकोषाध्यक्ष प्रवीण वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, मीडिया प्रभारी रोहित वर्मा, गजेंद्र रथ वर्मा, युवा अध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा, युवा

उपाध्यक्ष के लिए कुंदन वर्मा ने शपथ ली। शपथ कार्यक्रम के साथ साथ कुछ आवश्यक सामाजिक बिन्दुओ पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में तिल्दा राज कोषाध्यक्ष श्री ओंकार वर्मा, संरक्षकगण श्री गोविंद राम वर्मा, श्री बिसेन धुरंधर, श्री धनेश राम वर्मा, श्री कमल (देवेंद्र) वर्मा, श्री नीलेश चन्द्रवंशी के साथ साथ श्री आशाराम वर्मा, श्री लक्ष्मण वर्मा, श्री के. आर. वर्मा, श्री धुरंधर, पुन्नू वर्मा और अनेक स्वजातीयगण अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे 15 को भाटापारा में

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में प्रबंध संचालक छ.ग.राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड रायपुर के आदेश पत्र क्रमांक 2093-2094 रायपुर दिनांक 29 जून 2022 के व्दारा कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा मे भारसाधक समिति में अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष ,सदस्य व व्यापारी सदस्य को मनोनित किया गया है । जिसका शपथ ग्रहण समारोह व कृषक सम्मेलन आयोजन दिनांक 15 जुलाई 2022 दिन शुक्रवार को होना है । इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथी रविन्द्र चौबे कृषिमंत्री अध्यक्षता गिरीश देवागंन अध्यक्ष खनिज विकास निगम , विशिष्ट अतिथी सुरेन्द्र शर्मा अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड ,सुश्री शकुंतला साहू संसदीय सचिव,शैलेष नितिन द्विवेदी ,अध्यक्ष पाठय पुस्तक निगम होगें । जिसकी तैयारीयां को लेकर मण्डी अध्यक्ष सुशीलशर्मा ने मण्डीसमिति की बैठक बुलाई गयी जिसमें भारसाधक समिति के सदस्य गण उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू, सदस्य अमरनाथ जगत, तुलाराम यादव,के के नायक,अश्विनी बारले, नरेन्द्र भूषाणिया उपस्थित थे मण्डी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे सुशील शर्मा मण्डी अध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों को कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में वृहद चर्चा की तथा अधिक से अधिक संख्या में कृषको को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु सदस्यों को जिम्मेदारीयां सौपी गयी ।

किसान वर्ग की चहुंमुखी विकास हुआ : रामगोपाल अग्रवाल

कुरूद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता के लिए जनकल्याणकारी योजना स्वास्थ बीमा, खेतिहर मजदूर, गोधन न्याय योजना सहित स्वास्थ शिक्षा, रोजगार मुहैया कराकर लोगो की जीवन स्तर में सुधार आया। किसान वर्ग की चहुमुखी विकास हुआ। उक्त बाते मुख्य अतिथि की आसंदी से रामगोपाल अग्रवाल ने कही।

कृषि उपज मंडी कुरूद में भार साधक समिति के अध्यक्ष नीलम चंद्राकर, उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, सदस्य बिसौहा साहू, कोमल सिन्हा, वीणा कोसरे, विशाखा साहू, व्यापारी प्रतिनिधि हितेंद्र केला आदि को कृषि उपज मंडी सचिव राजकुमार रात्रे ने शपथ दिलाई।

सोमवार को पुराना मंडी प्रांगण कुरूद में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह एवम किसान सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम छ ग अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने की । कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन रहे तथा अति विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष मोहन लालवानी, राज्य अजजा आयोग उपाध्यक्ष राजकुमारी

दीवान, पूर्व विधायक लेखराम साहू, राज्य कृषक कल्याण परिषद सदस्य शशि गौर, नगर निगम धमतरी महापौर विजय देवांगन, जनपद पंचायत कुरूद अध्यक्ष शारदा साहू, जिला पंचायत धमतरी सभापति तारणी चंद्राकर के आतिथ्य में हुआ।

कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा मोटर साईकिल रैली निकाली जो नगर के सांधा चौक, संजय नगर, कारगिल चौक, सरोजनी चौक, पुराना बाजार चौक से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे साथ ही जगह जगह पटाखे फोड़े और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गोधन न्याय योजना से किसानों की आय में वृद्धि हुई। भूपेश बघेल की सरकार लगातार किसानों के उन्नति और प्रगति के लिए कार्य किया।

अध्यक्षता कर रहे खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने कहा कि भूपेश सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक कार्य योजना संचालित की। जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि उपज मण्डी कुरूद अध्यक्ष नीलम चंद्राकर ने कहा कि किसान हित में कार्य करने हमेशा तत्पर रहूंगा।

कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को मार्गदर्शन किया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शपथ ग्रहण समारोह एवं किसान सम्मेलन में बड़ी संख्या में कृषक गण व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार व्यक्त कृषि उपज मण्डी कुरूद उपाध्यक्ष प्रमोद साहू ने की।

बच्चों और पालकों को स्कूल से जोड़ने शुरू होगा पालक जागरूकता अभियान

■ **अभियान के क्रियान्वयन के लिए गठित होंगे कोर ग्रुप**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में प्राथमिक शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए नवाचार एवं विविधि गतिविधियों को बढ़ावा देने की पहल लगातार की जा रही है। इसी कड़ी में पालक जागरूकता अभियान सभी स्कूलों में शुरू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पालकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर पठन-पाठन के स्तर को बेहतर बनाना है। सचिव स्कूल शिक्षा विभाग डॉ. एस. भारतीदासन ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों में पालक जागरूकता अभियान का पालन सुनिश्चित करने और इस अभियान के तहत संचालित गतिविधियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर इसके रिपोर्ट शासन को भिजवाने के निर्देश दिए हैं।

स्कूलों में सम्मेलन का होगा आयोजन

इस अभियान के तहत सभी स्कूलों में शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। पालकों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने, नियमित स्कूल आने, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के संबंध में चर्चा करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अभियान के तहत बच्चों की पढ़ाई में ध्यान देने के नवीन तरीकों को प्रयोग में लाने के बारे में भी राय-मशविरा तथा सक्रिय पालकों की मदद से अन्य पालकों को भी स्कूल एवं बच्चों की शिक्षा से जोड़कर सक्रिय जिम्मेदारी दी जाएगी।

सभी डीईओ को दिशा निर्देश जारी

जिला शिक्षा अधिकारियों इस अभियान के संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि पालक जागरूकता अभियान के क्रियान्वयन के लिए कोर ग्रुप का गठन किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक जिले और विकासखण्ड से 5-5 विभागीय अधिकारी का चयन कर कोर ग्रुप में शामिल किया जाएगा। जिला स्तर से सहायक परियोजना अधिकारी (एपीसी), डाईट अकादमिक सदस्य, एसएमसी मास्टर ट्रेनर एवं विकासखण्ड स्तर से सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कोर ग्रुप में होंगे। इसी प्रकार संकुल स्तर में प्रत्येक स्कूल से एक सक्रिय शाला प्रबंध समिति के सदस्य, एक शिक्षक, एक सक्रिय माता, चयनित जनप्रतिनिधि और एक प्रभावी व्यक्ति जिसके बात सभी मानते हो उनको कोर ग्रुप में शामिल किया

कोर ग्रुप तैयार करेगा कार्ययोजना

यह कोर ग्रुप पालक जागरूकता अभियान जिले की सभी स्कूलों में पालक जागरूकता कार्यक्रम के लिए कार्ययोजना तैयार करेगा। इसके अलावा प्रत्येक स्कूल में पालक जागरूकता के लिए रणनीति और चर्चा के बिन्दू, गतिविधि भी तैयार करेगा। विकासखण्ड और संकुल स्तर पर कोर ग्रुप को उन्मुखीकरण और स्थानीय इनपुट देगा। स्कूल स्तर पर शाला प्रबंधन समिति और पालकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का कार्य करेगा। पालक उन्मुखीकरण के बाद निरंतर फालोअप और पालकों की सक्रिय सहभागिता के बेहतर उदाहरण का संकलन, दस्तावेजीकरण कर प्रचार-प्रसार करेगा।

प्रकृति की सुदंरता और संरक्षण के लिए करें वृक्षारोपण : कलेक्टर

■ **पहले सावन सोमवार 18 जुलाई को जिले में वृक्षारोपण का महाअभियान**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने जिले में पहले सावन सोमवार 18 जुलाई को वृक्षारोपण महा अभियान की तैयारियां करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस वृक्षारोपण महा अभियान में शामिल होने के लिए लोगों से अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रकति की सुदंरता एवं संरक्षण के लिए प्रत्येक आदमी को वृक्षारोपण करना चाहिए। वृक्षारोपण के पश्चात उस पौधे की देखभाल पेड़ बनने तक स्वयं को करनी होगी। कलेक्टर डॉ भुरे के निर्देश पर इस बार उपयोगिता और स्थान के अनुसार पौधे लगाए जाएँगे। सरकारी भवनों, स्कूलों, रिहायशी इलाकों में फ लदार-छायादार पेड़ लगेंगे तो सड़क किनारे और डिवाइडर्स पर प्रदूषण शोषक पेड़ लगाए जाएंगे। वन और उद्यानिकी विभाग ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय कार्यालय तक मांग अनुसार संख्या में पौधे उपलब्ध कराएंगे। यह अभियान हरेली तिहार तक चलेगा। इस अभियान में पूरे जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी संख्या में पेड़ लगाया जाएगा। इस बार वृक्षारोपण महा अभियान में ना केवल शासकीय अधिकारियों अपितु आमजनों की भी सक्रिय भूमिका होगी। शासकीय कार्यालयों में पौधों की उपलब्धता के के लिए वितरण स्टाल बनेंगे। आमजन इन दफ़्तरों से पौधें लेकर अपने घरों और चिह्नांकित ज़मीन पर लगा सकेंगे। वृक्षारोपण के लिए जन जागरूकता और पेड़ लगाने के लिए पार्षदों, सरपंचों सहित जनप्रतिनिधियों और समाज सेवी संस्थाओं की भी मदद ली जाएगी। सभी सरकारी कार्यालयों में भी उपलब्ध जमीन पर पौधे लगाए जाएंगे।

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 2 लाख पौधे रोपण की होगी शुरूआत

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर 18 जुलाई को आयोजित हो रहे सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में रायपुर नगर निगम अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहा है। महापौर एजाज ढेबर के मार्गदर्शन में संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में 2 लाख पौधे रोपित करने की शुरूआत की जाएगी। इसके तहत सभी जोन अपने अधीनस्थ वार्ड के हर घर में वृक्ष लगाने प्रेरित करने निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराएगा। कोई भी नागरिक अपने जोन से संपर्क कर विभिन्न 28 प्रजातियों में से पौधे प्राप्त कर सकेंगे। निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने सभी जोन आयुक्त की बैठक आयोजित की गई। वृक्षारोपण की गतिविधियों के संचालन में 6 वर्षों से जुटी स्वयंसेवी संस्था ग्रीन आर्मी का भी सहयोग लिया जा रहा है। ग्रीन आर्मी वार्ड स्तर पर पौधे रोपण एवं इनकी सुरक्षा का दायित्व भी निभाएगा। इसके अलावा इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, रेसिडेंसियल वेलफेयर सोसायटी, शैक्षणिक संस्थाओं सहित सभी संगठनों एवं संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी होगी। इस अभियान के नोडल अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने सभी जोन कमिश्नर की बैठक लेकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरितिमायुक्त वातावरण तैयार करने में वृक्षारोपण के महत्व का उल्लेख करते हुए मिशन मोड पर कार्य करने के लिए कहा है। बैठक में निर्देशित किया गया है कि हर घर वृक्षारोपण में अपनी सहभागिता दें, इसके लिए जोन अंतर्गत सभी वार्ड के निवासियों को पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए।

प्रेमिका की हथौड़ी व ब्लेड मारकर हत्या, खुद भी फंदे पर झूल गया प्रेमी

■ **राजधानी रायपुर की घटना, पुरानी बस्ती पुलिस मामले की कर रही जांच**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का राजधानी रायपुर में बुधवार तड़के एक युवक ने अपनी प्रेमिका की बेरहमी से हत्या कर दी और खुद फांसी के फंदे पर झूल गया। युवती आपातकालीन सेवा डायल-112 की कर्मचारी थी। युवती को उसके प्रेमी ने हथौड़ी और ब्लेड से मारा है। युवती की दूसरे व्यक्ति से संबंध के शक में उसके प्रेमी द्वारा हत्या किया जाना बताया जा रहा है। युवती की आवाज सुनकर पड़ोसी घर तक पहुंचे, लेकिन अंदर से दरवाजा बंद था। सूचना पर पुलिस पहुंची तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक युवक और युवती दोनों दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के ग्राम फेकारी के निवासी थे। महिला का नाम अर्चना साहू है। वह करीब 5 साल से डायल-112 में काम कर रही थी। आरोपी कमलेश साहू से उसका प्रेम संबंध था। युवक दुर्ग के बिजली विभाग में ठेके पर काम करता था। दोनों अविवाहित हैं। पुलिस को आरोपी के पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें दोनों के बीच 12 साल से प्रेम प्रसंग की जानकारी मिली है। अर्चना पुरानी बस्ती के बंधवापारा में किराये के मकान पर रहती थी, जहां कमलेश का आना-जाना था। अर्चना के दूसरे व्यक्ति से संबंध को लेकर युवक ने हत्या की है।

पड़ोसियों ने दी पुलिस को सूचना

पुरानी बस्ती टीआई ने बताया कि पड़ोसियों की सूचना पर थाना की टीम तत्काल पहुंची। तड़के सुबह 4 बजे अर्चना साहू की हथौड़े व ब्लेड मारकर हत्या की गई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी कमलेश ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि घटना के दौरान अर्चना को बचाने व मृतक को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन कमलेश ने कमरा बंद कर लिया था। पुलिस जब पहुंची तब कमरे का दरवाजा खोला गया। अंदर खून से लथपत युवती की लाश पड़ी थी। युवक का शव फंदे पर लटक रहा था। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है।

सीएम ने किसानों से खरीफ एवं उद्यानिकी फसलों का बीमा कराने की अपील

■ **फसल बीमा दावा राशि का भुगतान करने में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के सभी किसान भाइयों से अपनी खरीफ और उद्यानिकी फ सलों का बीमा का बीमा कराने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने किसान भाइयों के नाम जारी अपनी अपील में कहा है, कि मौसम की अनिश्चितता और स्थानीय प्राकृतिक आपदा की स्थिति में भी किसानों की आय बनी रहे, इसलिए फसलों को बीमित कराना जरूरी है। शासन द्वारा किसान भाइयों को फ सल बीमा की सुविधा प्रीमियम राशि पर उपलब्ध कराई जा रही है। खरीफ फ सलों के बीमा के लिए किसान भाइयों को प्रीमियम राशि का 2 प्रतिशत और उद्यानिकी फ सलों के बीमा के लिए प्रीमियम राशि का 5 प्रतिशत अंशदान के रूप में देना होता है । किसान भाई थोड़ी सी रूचि और थोड़ी सी राशि जमा कर अपनी फसलों का बीमा कराकर बड़े जोखिम से बच सकते हैं। प्राकृतिक आपदा एवं मौसम की अनिश्चितता के चलते होने वाली फसल हानि, उत्पादन में कमी की भरपाई मिलने बीमा दावा राशि से हो जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसान धान सिंचित एवं असिंचित ,अरहर, मूंग, उड़द, मक्का एवं उद्यानिकी फ सलों का बीमा 15 जुलाई तक करा सकेंगे।

किसानों को खुशहाल बनाना प्राथमिकता : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेती-किसानी को समृद्ध और किसानों को खुशहाल बनाना छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों एवं योजनाओं को देश भर में सराहा जा रहा है। छत्तीसगढ़ की पहचान कृषि मॉडल राज्य के रूप में होने लगी है। किसानों को मदद पहुंचाने, उन्हें उनका हक दिलाने के मामले में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसने अपने किसानों को सबसे पहले रबी सीजन 2021-22 की फ सल बीमा दावा राशि का भुगतान किया है।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने लिवर मनाई ट्रांसप्लांट सर्जरी की पहली वर्षगांठ

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं एवं विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम के लिए मध्यभारत में अग्रणी स्थान प्राप्त है। यहां कुशल एवं अनुभवी चिकित्सा एवं सर्जरी के विशेषज्ञों की टीम है, जो हर प्रकार के जटिल ऑपरेशन को दक्षतापूर्वक करती है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में, एक वर्ष पूर्व इसी तरह का 6 माह के बच्ची ताक्षी सिन्हा का एक केस लिवर की जटिल बीमारी का आया था। हॉस्पिटल के मेडिकल व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे के मार्गदर्शन में डॉक्टर्स की टीम ने पूरी जांच कर पाया कि बच्ची को बाइलरी एट्रीज़िया नाम की बीमारी है, जो समय पर इलाज नहीं होने पर जानलेवा होती है। डॉक्टर्स ने बच्ची के पिता लव सिन्हा को उनके लिवर का छोटा भाग डोनेट करने को कहा, इसके बाद लिवर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद अब्दुल नईम एवं डॉ. ए. मिश्रा द्वारा बच्ची के लिवर का सफ लतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन पूरे मध्यभारत में, अपनी तरह का ऐतिहासिक एवं सफ ल लिवर ट्रांसप्लांट था। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में आज 12 जुलाई को उसी उपलब्धि का सेलीब्रेशन किया गया। इस अवसर पर बच्ची ताक्षी को हॉस्पिटल की ओर से एक गिफ्ट दी गई व उनके माता-पिता भी उपस्थित थे। इस सेलीब्रेशन में हॉस्पिटल के मेडिकल व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे के साथ डॉ. शैलेंद्र बख्शी, डॉ. पवन जैन, डॉ. विशाल कुमार, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. निशान्त शिव, डॉ. सर्वेश लाल एवं समस्त क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल एवं नर्सिंग स्टॉफभी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति चुनाव के लिए छग अधिकारियों ने प्राप्त किया मतपेटी एवं अन्य सामग्री

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के 16वें राष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए 18 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए मतपेटी एवं अन्य सामग्री छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने नई दिल्ली स्थित भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त कर ली है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी दिनेश त्रिवेदी और उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय कुमार अग्रवाल इन्हें लेकर बुधवार शाम 07:45 बजे के नियमित विमान से रायपुर पहुंचेंगे। राष्ट्रपति निर्वाचन के लिए नई दिल्ली में मतपेटी और मतदान सामग्री प्राप्त करने के दौरान आवासीय आयुक्त एवं निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। भारत निर्वाचन आयोग से मतपेटी और मतदान सामग्री नई दिल्ली एयरपोर्ट तक सुरक्षित पहुंचाया जा चुका है। रायपुर विमानतल पहुंचने पर मतदान सामग्री को राज्य पुलिस के द्वारा एस्कॉर्ट करते हुए विधानसभा भवन स्थित स्ट्रांग-रूम तक सुरक्षित पहुंचाया जाएगा। इन्हें मतदान के लिए निर्धारित तिथि 18 जुलाई तक मतदान प्रारंभ होने के पहले तक स्ट्रांग-रूम में सुरक्षित रखा जाएगा।

राज्यपाल सुश्री उइके ने राजभवन में किया वृक्षारोपण

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने बुधवार को गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर राजभवन परिसर में मौलश्री पौधे का रोपण किया। साथ ही योगी स्वामी महेश, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, राज्यपाल के विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव और उप सचिव दीपक अग्रवाल ने भी राजभवन परिसर में अमलतास, कचनार और झारूल पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके ने राज्य के समस्त जनता से आह्वान किया है कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करें एवं उनकी सेवा करने का संकल्प लें।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस आज लौटेंगे रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव नई दिल्ली और पंजाब के प्रवास के बाद 14 जुलाई को रायपुर लौटेंगे। वे 14 जुलाई को सवेरे 06:40 बजे नई दिल्ली से नियमित विमान द्वारा रायपुर के लिए रवाना होंगे। वे सवेरे 08:20 बजे रायपुर पहुंचेंगे।

बस्तर सांसद दीपक आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर सांसद दीपक बैज को कांग्रेस ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन में अध्यक्ष की जिम्मेदारी महाराष्ट्र में विदर्भ के आदिवासी नेता और विधायक शिवाजी राव मोघे को दी गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को यह जानकारी दी। दीपक बैज छत्तीसगढ़ की बस्तर संसदीय सीट से सांसद हैं। 2019 के आम चुनाव में उन्होंने बड़े अंतर से यह सीट जीती थी। उससे पहले वे चित्रकोट विधानसभा सीट से विधायक थे। सांसद बनने के बाद उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा दिया। इस सीट पर हुए उपचुनाव में भी दीपक कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने में सफ ल रहे। 14 जुलाई 1981 को बस्तर के गढिया में जन्में दीपक ने राजनीतिक यात्रा की शुरुआत छात्र जीवन से ही की। 2008 में वे कांग्रेस के आनुषांगिक छात्र संगठन हस्र्ढ़ु के जिलाध्यक्ष बन गए थे। 2009 में वे युवा कांग्रेस के बस्तर जिला महासचिव बने। 2013 में पहली बार उन्हें विधानसभा का टिकट मिला और बैज ने जीत का परचम लहरा दिया। 2018 के चुनाव में बैज एक बार फिर जीते। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें टिकट दिया और दीपक वहां भी जीतकर पहुंच गए। उस चुनाव में कांग्रेस को पूरे प्रदेश में केवल दो सीटों पर ही जीत मिली थी।